* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

08 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 50

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


आरबीआइ ने 0.35 प्रतिशत बढ़ायीं ब्याज दरें



## मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं की करेंगे समीक्षा

# हेमंत सोरेन की आज से गढ़वा और पलामू से शुरू हो रही यात्रा

- भ्रमण के क्रम में किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण कर सकते हैं मुख्यमंत्री
- आधारभूत संरचनाओं का लेंगे जायजा, नयी योजनाओं की शुरुआत की जायेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब जिला स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों का भ्रमण कर वस्तुस्थित से अवगत होंगे। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा जिला के किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा जिला स्तर पर कंबल का वितरण गरीबों के बीच होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार से गढ़वा और पलामू दौरे से इसकी शुरुआत करेंगे।

**मूलभूत सुविधाओं की होगी समीक्षा :** मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समीक्षा के क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं अन्य सरकारी विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों, छात्रावासों, पेयजल आपूर्ति, सड़क और पुल की स्थिति, सिंचाई, पुलिस स्टेशन, आंगनबाड़ी केंद्र, जनवितरण प्रणाली की दुकान एवं अन्य आम लोगों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित केंद्रों की समीक्षा करेंगे। वह स्थल का भ्रमण कर उसकी स्थिति से भी अवगत होंगे।

**योजनाओं की वस्तुस्थिति से होंगे अवगत :** मुख्यमंत्री सरकार की फोकस्ड स्कीम जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, मनरेगा, स्कॉलरशिप, पर्यटन, खेल एवं अन्य गतिविधियों की गहन जानकारी लेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा एक करोड़ से अधिक की राशि से स्वीकृत योजना की भी समीक्षा होगी। साथ ही, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की भी समीक्षा होगी।

**सचिव और उच्च अधिकारी रहेंगे मौजूद :** मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के सचिव, उच्च अधिकारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है। ताकि लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण किया जा सके।

**(संबंधित खबर पेज-7 पर भी)**

## चर्चा में है यात्रा, दिया जा रहा खतियानी जोहार यात्रा का नाम

**रांची/गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जिलों के भ्रमण कार्यक्रम की चर्चा काफी दिनों से है। इसे झामुमो द्वारा 'खतियानी जोहार यात्रा' नाम भी दिया जा रहा है। गढ़वा जिला प्रशासन समेत झामुमो के कार्यकर्ता इसे सफल बनाने की तैयारी में जुटे हैं। जोहार यात्रा के जरिए हेमंत सरकार जनता के बीच अपनी उपलब्धियां बतायेगी। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सभी जिलों में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और जनता से भी रू-ब-रू होंगे। यात्रा का पहला चरण 8 से 16 दिसंबर तक होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य के छह जिलों में जायेंगे। हर जिले में उनका एक-एक दिन रुकने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के साथ राज्य सरकार में शामिल घटक दल के नेता और मंत्री भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री और यूपीए नेता घोषणापत्र में किये वादों को भी जनता को बतायेंगे।

### इन उपलब्धियों को गिना सकते हैं मुख्यमंत्री

- 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता को पारित किया गया।
- ओबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया।
- सरना धर्म कोड का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया।
- पुरानी पेंशन योजना को लागू किया गया।
- किसानों के लिए ऋण माफी और फसल राहत योजना।

### पहले चरण में इन जिलों की यात्रा

| | |
|---|---|
| 08 दिसंबर-गढ़वा | 13 दिसंबर-लोहरदगा |
| 09 दिसंबर-पलामू | 15 दिसंबर-गोड्डा |
| 12 दिसंबर-गुमला | 16 दिसंबर-देवघर |

# 15 साल बाद दिल्ली नगर निगम से भाजपा आउट, आप का कब्जा

## आप को 134 और भाजपा को 104 सीटें मिलीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का पत्ता साफ हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने यहां बहुमत से जीत दर्ज की है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक 250 सीटों वाले एमसीडी में आप को 134 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए 126 सीटों की जरूरत है। वहीं भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है।

**केजरीवाल ने जनता को दी बधाई :** एमसीडी में आप की जीत पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को बधाई दी। पार्टी ऑफिस में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अपने बेटे और भाई को दिल्ली की सफाई और भ्रष्टाचार खत्म करने की जिम्मेदारी दी है।



हमें केंद्र सरकार का भी सहयोग चाहिए। प्रधानमंत्री जी का भी आशीर्वाद चाहिए।

**आप और भाजपा में टक्कर लगातार बनी रही :** सुबह 8 बजे जैसे ही शुरूआती रुझान आये, भाजपा और आप में कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरूआती दो घंटे में दोनों दलों की सीटों में 10 से 20 सीटों का अंतर रहा। कभी भाजपा आगे तो कभी आप आगे दिखी। फिर सुबह 10.30 बजे के बाद हालात बदले और आप ने भाजपा पर बढ़त बना ली।

**आप के दफ्तर में सुबह से हलचल :** एग्जिट पोल में आप की जीत के बाद बुधवार सुबह से ही पार्टी के कार्यालय में गहमा-गहमी शुरू हो गयी थी। ऑफिस को पीले और नीले गुब्बारों से सजाया गया। पिछली बार इन्हें सफेद और नीले कलर के गुब्बारों से सजाया गया था, पर जैसे ही रुझान आते रहे आप के दफ्तर में पहले जश्न, मायूसी फिर जश्न का माहौल दिखा।

**भाजपा में बाद में बढ़ी भीड़, कांग्रेस का दफ्तर सूना रहा :** कांग्रेस का दफ्तर सुबह से ही सूना रहा। दफ्तर के गेट पर ताला लगा दिखा। भाजपा कार्यालय में सुबह कोई बड़ा नेता नहीं दिखा। कार्यकर्ता बहुत कम दिखे। एक कार्यकर्ता ने कहा कि एग्जिट पोल में आप की बड़ी जीत दिख रही थी। शायद यह इसका ही असर है। हालांकि जैसे-जैसे नतीजे आये ऑफिस में हलचल बढ़ गयी। भाजपा ऑफिस के बाहर भीड़ जमा होने लगी।

## गुजरात-हिमाचल के साथ ही 7 उपचुनावों की मतगणना आज

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के नजीतों के बाद अब गुजरात और हिमाचल प्रदेश की बारी है। चुनाव आयोग के मुताबिक वोटों की गिनती का काम अलग-अलग सेंटर में गुरुवार सुबह 8 बजे शुरू होगा। पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद इवीएम खुलेंगी। 9 बजे तक पहला रुझान आ जाएगा। माना जा रहा है कि दोपहर तक दोनों राज्यों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इसी दिन 1 लोकसभा और 5 राज्यों की 6 विधानसभा सीटों के उपचुनावों की भी मतगणना होगी। ये परिणाम देश की राजनीति पर असर डालेंगे। गुजरात में विधानसभा की कुल 182 सीट हैं और यहां सरकार बनाने के लिए 92 सीटों की दरकार होगी। वहीं हिमाचल में विधानसभा की कुल 68 सीटें हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 35 है।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 68,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## चुनाव परिणाम : कुछ भी हो, कई राज्यों में कांग्रेस का विकल्प बन रही है आम आदमी पार्टी

# सियासी फलक पर अरविंद केजरीवाल के बढ़ते कद के संदेश

आजाद सिपाही विशेष

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणाम आने में अब कुछ ही समय बचा है, लेकिन दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी की जबरदस्त जीत के बाद एक साथ बहुत से परिदृश्य उभर कर सामने आ रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख है, इन दो राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद देश की राजनीति में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का लगातार बढ़ता कद। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी से सूचना के अधिकार की सीढ़ी के सहारे अन्ना आंदोलन के मंच पर चढ़े अरविंद केजरीवाल ने 2013 में एक नयी पार्टी के साथ दिल्ली की राजनीति में कदम रखा था। केवल 10 साल के अंदर ही पार्टी ने देश भर में हुए चुनावों में दस्तक देकर अपना जनाधार बनाया है। आम आदमी पार्टी ने जो भी चुनाव लड़ा, उसमें पार्टी का बड़ा चेहरा केवल अरविंद केजरीवाल ही रहे और उनका दिल्ली का विकास मॉडल कई चुनावी राज्यों में लगभग पंसद भी किया जा रहा है। इस मॉडल से ही आम आदमी पार्टी पंजाब में भी बहुमत के साथ सत्ता में आयी। भले यह मॉडल फ्री वाला हो, लेकिन जनता को लुभाने में अरविंद केजरीवाल कहीं न कहीं सफल भी हो रहे हैं। दिल्ली एक केंद्र शासित प्रदेश है और इस वजह से यहां की गतिविधियों में केंद्र सरकार का पूरा दखल है, इसके बावजूद अरविंद केजरीवाल ने सत्ता में आकर आप का मुफ्त मॉडल विकसित करने में सफलता प्राप्त की है। अरविंद केजरीवाल ने 2013 में नयी दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी और 15 साल से लगातार दिल्ली की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस को शिकस्त देकर भारत की राजनीति का सबसे बड़ा उलटफेर किया था। 2013 में आप को केवल 28 सीट मिली थी। इसके बाद 2015 में हुए चुनाव में पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 67 सीटें हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया था। इसके बाद पंजाब में केजरीवाल ने अपनी पार्टी को सत्ता दिलायी और अब गुजरात-हिमाचल में भी उनकी उपस्थिति थोड़ी मजबूत तो जरूर हुई है। समय के साथ आम आदमी पार्टी को कांग्रेस के विकल्प के रूप में देखा जाने लगा है। क्योंकि कांग्रेस का जो वोट बैंक है, उसे आम आदमी पार्टी से परहेज नहीं है। अरविंद केजरीवाल को वे नये मसीहा के रूप में देखने लगे हैं। क्योंकि अरविंद केजरीवाल भाजपा को भरपूर कोस लेते हैं। उनकी राजनीति का एक हिस्सा मोदी विरोध भी है। कांग्रेस के पास तो मोदी विरोध के अलावा कोई मुद्दा बचा ही नहीं है। उनका तो यह फुल टाइम जॉब है। सो मैचिंग हो गया है। लेकिन आम आदमी पार्टी तुष्टीकरण के साथ-साथ फ्री वाला मॉडल भी देती है। सो लेफ्ट-लिबरल और अन्य खेमों में अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी का कद कई क्षेत्रीय पार्टियों से कहीं ज्यादा बढ़ चुका है। चाहे वह सपा हो, जदयू हो, राजद हो या फिर टीएमसी। अरविंद केजरीवाल के बढ़ते राजनीतिक कद के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लगातार दो बार दिल्ली का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पंजाब विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी अब अपना विस्तार कर रही है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी मजबूती से न केवल ताल ठोक रही है, बल्कि उसने इन दोनों राज्यों में मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभरने का संकेत भी दे दिया है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का कद भी गैर-भाजपा दलों के तमाम नेताओं में सबसे बड़ा होकर सामने आ रहा है। इसलिए उनकी पार्टी के बढ़ते कद के बीच अब राष्ट्रीय राजनीति में आम आदमी पार्टी की भूमिका को लेकर भी चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं।

### क्या है केजरीवाल की सफलता का राज

केजरीवाल एक नौकरशाह रहे हैं। भारतीय राजस्व सेवा से इस्तीफा देकर सूचना के अधिकार का अग्रिम पंक्ति का कार्यकर्ता होने के बाद उन्होंने अन्ना आंदोलन के मंच के सहारे 2013 में चुनावी राजनीति में कदम रखा। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में अपनी सरकार बना कर शासन का ऐसा मॉडल जनता के सामने रखा, जिसने चुनावी राजनीति की तमाम स्थापित परिभाषा को बदल कर रख दिया। केजरीवाल की राजनीति मुद्दों पर आधारित है। वह जनता का काम करते हैं और यही उनकी सफलता का कारण है। केजरीवाल धीरे-धीरे उस राजनीति की ओर शिफ्ट हो रहे हैं, जिसमें न जाति है, न संप्रदाय, न धर्म है और न कोई गुटबाजी। आम आदमी पार्टी के केंद्र में आम आदमी है और उसके जीवन से जुड़ी समस्याएं। उनके लिए केजरीवाल के पास अपना एक मॉडल है, जिसका इस्तेमाल वह कई चुनावी राज्यों में कर रहे हैं।



### दूसरे क्षेत्रीय क्षत्रपों से अलग हैं केजरीवाल

केजरीवाल ने अपने मुद्दों की राजनीति के सहारे दूसरे स्थापित क्षेत्रीय दलों के नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी को न केवल पंजाब की सत्ता दिलायी, बल्कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भी उन्होंने भाजपा जैसी पार्टी को धूल चटा दी है। इसके बाद अब गुजरात और हिमाचल में केजरीवाल ने जिस दम-खम के साथ चुनाव लड़ा है, वह भी गौर करने लायक है। केजरीवाल ने नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, लालू यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और केसीआर जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों को बता दिया है कि अब राजनीति का रास्ता क्या हो सकता है। आप पहली ऐसी क्षेत्रीय पार्टी है, जो लगातार अपने विस्तार में लगी है।

### केजरीवाल के आगे की रणनीति

एक तरफ कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को परास्त करने की योजना बना रहा है, तो दूसरी तरफ केजरीवाल ने भी अपना एजेंडा स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कह दिया है कि वह गठबंधन करके किसी पार्टी को हराना नहीं चाहते, बल्कि 130 करोड़ देशवासियों के साथ गठबंधन कर देश को जिताना चाहते हैं। उनके इस बयान से कयास लगाये जा रहे हैं कि उन्होंने विपक्षी एकजुटता के प्रयास को झटका देते हुए बड़ी राजनीतिक लकीर खींच दी है। केजरीवाल के इस बयान को विपक्षी एकजुटता को झटके के तौर पर भी देखा जा रहा है। दरअसल, जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है, भाजपा का विजयी रथ हर गुजरते चुनाव के साथ आगे बढ़ता जा रहा है, लेकिन दिल्ली में आकर इस रथ को केजरीवाल रोक देते हैं। यह तब होता है, जब न पुलिस केजरीवाल के पास है और न उप राज्यपाल का समर्थन।

### राष्ट्रीय पार्टी बन जायेगी आप

गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव के परिणामों से आम आदमी पार्टी की बड़ी उम्मीदें लगी हुई हैं। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद आप को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता मिलने की भी उम्मीद है। यह केजरीवाल का सपना भी है और उनके लिए यह बड़ी राजनीतिक उपलब्धि होगी। इसलिए इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम उनके लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं। जीत-हार और सरकार बनाने या मुख्य विपक्षी दल बनने की होड़ के इतर यह चुनाव परिणाम केजरीवाल के कद को इतना ऊंचा कर देगा, जितना कि हर नेता का सपना होता है। देश में अभी भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्टी पार्टी-मार्क्सवादी, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय पीपुल्स पार्टी, यानी कुल आठ दलों को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा मिला हुआ है।

केजरीवाल ने महज 10 साल में राजनीति के फलक पर जो इबारत लिखी है, उससे किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है। वास्तव में उन्होंने बता दिया है कि अब भारत की राजनीति में केवल काम-काज का मूल्यांकन होगा और वोट भी इसी आधार पर मिलेगा। जोड़-तोड़ और नकारात्मक राजनीति के दिन अब लद चुके हैं। केजरीवाल के इस सबक को कम से कम तमाम क्षेत्रीय दलों को आत्मसात करना ही चाहिए। क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को यह ध्यान रखना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंच चुके हैं और तीसरे राज्य के मतदाताओं के बीच दस्तक दे चुके हैं। बाकी क्षेत्रीय दलों के नेता अपने राज्य में सिमटे हुए हैं।

# इनकम टैक्स अधिकारी की पत्नी ने कोर्ट में किया सरेंडर, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सीबीआइ की छापेमारी में 6.6 किलो सोना के साथ तीन करोड़ से अधिक की राशि भी बरामद हुई थी**

**रांची।** रिश्वत लेते पकड़े गये पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त तापस दत्ता की पत्नी रूपन दत्ता ने रांची सीबीआइ कोर्ट में सरेंडर किया है। सरेंडर करते ही उन्होंने कोर्ट में जमानत याचिका भी दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर रूपन दत्ता ने सरेंडर किया है। इसके बाद उन्हें कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त तापस दत्ता के खिलाफ 9.78 करोड़ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इस मामले में तापस दत्ता, पत्नी रूपन दत्ता, व्यवसायी विश्वनाथ अग्रवाल और संतोष कुमार शाह के खिलाफ सीबीआइ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### तापस दत्ता को सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था

गौरतलब है कि तापस दत्ता को सीबीआइ ने 13 जुलाई 2017 को रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया था। उनके ठिकानों पर हुई सीबीआइ की छापेमारी में 6.6 किलो सोना के साथ तीन करोड़ से अधिक की राशि भी बरामद हुई थी। चार्जशीट के अनुसार तापस दत्ता ने 1 अप्रैल 2012 से 12 अप्रैल 2017 की अवधि में वेतनमान को छोड़ कर 9 करोड़ 78 लाख 61 हजार आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है।


# गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाये गये शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गैर शैक्षणिक कार्य में शिक्षकों को लगाने को लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के मुताबिक सरायकेला-खरसांवा के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नवंबर, 2022 को आदेश जारी कर शिक्षकों को जन्म-मृत्यु पंजीकरण के कार्य में लगा दिया था। उनकी प्रतिनियुक्ति कर दी थी। सभी कोटि के विद्यालयों के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्ति के संबंध में सूचना शिक्षा सचिव के रवि कुमार को मिली।

**शिक्षकों को यदि पठन-पाठन के अतिरिक्त दूसरे कार्य में प्रतिनियुक्त किया जाना आवश्यक हो तो विभाग से अनुमति जरूरी**



सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जारी आदेश में कहा है कि आपके पत्र (संख्या-1438, दिनांक 22 नवंबर, 2022) जो प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं अन्य को संबोधित है, के द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत वैसे छात्र-छात्राओं, जिनका जन्म-प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पाया है (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) की सूची तैयार कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। सचिव ने लिखा है कि विभाग द्वारा अनेक बार निर्देश दिया जा चुका है कि शिक्षकों को पठन-पाठन के कार्य के अतिरिक्त किसी भी गैर-शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाये। अतः निर्देश दिया जाता है कि शिक्षकों को पठन-पाठन के कार्यों के अतिरिक्त किसी भी गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्ति नहीं की जाये। यदि पठन-पाठन के अतिरिक्त दूसरे कार्य में प्रतिनियुक्त किया जाना आवश्यक हो तो विभाग से अनुमति प्राप्त कर ली जाये।

### नक्शा पास करने पर रोक जारी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रांची नगर निगम द्वारा नक्शा पारित करने पर रोक का आदेश बरकरार रखा है। बुधवार को सुनवाई के दौरान अदालत में सरकार ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराने को लेकर कमेटी गठित की जा रही है, जो नक्शा मामले की जांच करेगी। इसके बाद कोर्ट ने स्वतः संज्ञान पर अगली सुनवाई के लिए 15 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर एवं न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। नक्शा पारित करने के एवज में पैसों के खेल पर झारखंड हाइकोर्ट ने संज्ञान लिया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## वीरभूम नरसंहार

# पाकुड़ से तृणमूल नेता के भाई को सीबीआइ ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बागटुई गांव में नरसंहार केस में सीबीआइ ने फिर कार्रवाई की है। सीबीआइ की टीम ने मंगलवार देर रात मृतक तृणमूल नेता भादू शेख के भाई जहांगीर शेख को भी गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि उसे भी झारखंड के पाकुड़ से गिरफ्तार किया गया है। जहांगीर शेख को सीबीआइ ने बुधवार को रामपुरहाट महकमा अदालत में पेश किया। अब सीबीआइ उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इससे पहले सीबीआइ ने बीते 3 दिसंबर की देर रात नरसंहार के मुख्य आरोपी लालन शेख को भी पाकुड़ से ही गिरफ्तार किया था।

### दस लोगों की हुई थी मौत

उल्लेखनीय है कि इस साल 21 मार्च को तृणमूल कांग्रेस के नेता और पंचायत उप प्रमुख भादू शेख की दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी थी। आरोप है कि इस हत्या का कथित रूप से बदला लेने के लिए भडकी हिंसा में कई घरों में आग लगा दी गयी थी। इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गयी थी। मरने वालों में तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल थे। इसके बाद कोलकाता हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने एसीबी से मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

## संगोष्ठी : राज्यपाल ने की शिक्षाविदों के साथ बैठक

# नयी शिक्षा नीति की प्रगति की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और क्रियान्वयन विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करने के उपरांत राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव और शिक्षाविदों के साथ बैठक की।

इस बैठक में राज्य में स्थापित निजी विश्वविद्यालय के कुलपति भी उपस्थित थे। बैठक में राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को गंभीरतापूर्वक आत्मसात करें।



प्राध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करते रहना चाहिए, ताकि हमारे विद्यार्थी इस शिक्षा नीति की विशेषताओं से पूर्णत अवगत हो सकें।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व से प्रचलित शिक्षा नीति में बदलाव लाने पर शुरूआत में तकलीफें हो सकती हैं लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो रास्ते निकलते चले आते हैं। काम नहीं करने के अनेक बहाने होते हैं लेकिन काम करने वाले जैसे-तैसे रास्ता निकाल ही लेते हैं। नयी शिक्षा नीति छात्र और देश हित में है। देश का भविष्य अच्छा हो, इसलिए हमें इस राह में आगे बढ़ना ही होगा, इसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए शिक्षकों के लिए कार्यशाला, शिक्षा नीति में क्रेडिट सिस्टम, मातृभाषा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम इत्यादि के संबंध में निहित प्रावधानों के संदर्भ में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में यदि कोई कठिनाई होती है तो बिना संकोच के उनसे संपर्क करें।

## न्याय के लिए भटक रही हैं डॉक्टर सुपर्णा दत्ता

# बुंडू में इनकी जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

**एफआइआर के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की**

**बुंडू थाना तो कभी बुंडू के एसडीओ कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुकीं हैं डॉ सुपर्णा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची बुंडू की रहने वाली चिकित्सक सुपर्णा दत्ता न्याय के लिए भटक रही हैं। कभी वह बुंडू थाना तो कभी बुंडू के एसडीओ कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। उनके साथ परेशानी यह है कि वह विधानसभा में पदस्थापित हैं और बुंडू बराबर आ जा नहीं सकतीं। आरोप है कि संदीप जयसवाल नामक व्यक्ति इनके जमीन के कुछ हिस्सा में कब्जा कर रहा है। 2015 में करीब 8 डिसमिल जमीन दत्ता परिवार ने बुंडू के रहने वाले संदीप जयसवाल को बेचा था, अभी उसमें निर्माण कार्य चल रहा है आरोप है कि संदीप ने 10 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया है। विवाद 2 डिसमिल का है और इसके लिए बुंडू थाना में मामला भी दर्ज है। बुंडू पुलिस इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। बुंडू के एसडीओ को 144 लगाने के लिए आवेदन दिया गया। उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सुपर्णा दत्ता का कहना है कि अकेला महिला जानकर उन्हें दबाया जा रहा है।

बुंडू थाना में कांड संख्या 86/22 भादवि की धारा 352, 354, 355, 356, 358, 379 और 509 के तहत मामला तो दर्ज है लेकिन अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 10.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.17 बजे |



### आर्यभट्ट सभागार में झारखंड की दीदियों का सम्मान समारोह

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तभी राज्य का विकास संभव : हेमंत

**सीएम ने आत्मनिर्भर बनीं 10 दीदियों को किया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपनी आजीविका से स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और सक्षम बनी झारखंड की 10 दीदियों को सम्मानित किया। ये दीदियां 3 साल का कोर्स कर आत्मनिर्भर बन कर अपना जीवन यापन कर रही हैं। ट्रेंड होकर खेती के साथ मवेशी व मुर्गी पालन कर अपनी आमदनी दोगुना करने में कामयाब हुई हैं। मोरहाबादी स्थित रांची यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार में एनयूडीजीइ इंस्टीट्यूट की ओर आयोजित झारखंड की दीदियों का स्नातक समारोह में सीएम ने कहा कि आपका जो उद्देश्य है, कमोवेश वही सरकार का भी है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो, इस पर सरकार को विशेष फोकस है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पूरी मिशनरी गांव तक पहुंच रही है। सभी पंचायतों में पदाधिकारी जाकर लोगों को जानकारी दे रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कहा कि खनिज संपदा होते हुए भी यहां के लोग पिछड़े हुए हैं। हमारी सरकार आज ग्रामीणों को पालने के लिए मवेशी देने के साथ उनके रखने की व्यवस्था भी कर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, तभी राज्य का विकास संभव है।

### मुख्यमंत्री ने सशत्र बलों को दी बधाई, कल्याण कोष के लिए किया अंशदान

रांची। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सैनिक कल्याण निदेशालय, रांची के कर्नल एसपी गुप्ता (रि.) ने फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान जताते हुए उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों पर हम सभी को गर्व है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण कोष के लिए अंशदान किया। इस मौके पर मेजर रामनारायण सिंह (रि.), जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग (विंग कमांडर) राजेश गुप्ता, विनोद कुमार सिंह और विनय सिंह मौजूद थे।

# बाबूलाल मरांडी का ट्वीट: लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के ट्वीट ने एक बार फिर झारखंड में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। इस ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने लिखा है... हवा का रुख पहचानिए... लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची है। उनके इस ट्वीट को लेकर राज्य की राजनीति गर्म है। एक बार फिर कयासों का दौर शुरू हो चुका है।



Tweet

Babulal Marandi
@yourBabulal

जो कुछ देख-सुन रहा हूँ तो सोचता हूँ कि कहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एक दर्जन से भी ज्यादा सरकारी -गैरसरकारी लूट के हमसफ़र "अपने" लोगों को अपने साथ जेल ले जाने की दूरगामी योजना पर तो काम नहीं कर रहे?

ताकि वहाँ भी मन लगा रहे, "राजा का दरबार" सजे और अकेलापन का एहसास भी न हो।

Translate Tweet

12:16 PM · Dec 7, 2022

### क्या है ट्वीट में

बाबूलाल मरांडी ने एक चिट्ठी सोशल मीडिया पर जारी की है। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा है: मैं बार-बार बोल रहा हूं कि झारखंड के अधिकांश अधिकारी अच्छे हैं... सिर्फ चंद अफसर, जिनकी संख्या उंगली पर गिनने लायक है, उनकी वजह से पूरी ब्यूरोक्रैसी को बदनाम नहीं किया जा सकता... वैसे अफसरों को भी अपने ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए ... किसी अपराधी को बचाने के लिए आप किस हद तक जा सकते हैं?

आप खुद तो जायेंगे ही, पूरी नौकरशाही आपके दामन पर लगे दाग के कारण बदनाम होगी... भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। एक दिन आपका नंबर भी आयेगा.....झारखंड के कई अफसर अनौपचारिक बातचीत में बताते हैं कि वे खुद परेशान हैं... इज्जत बचाना मुश्किल हो रहा है... चंद लोगों ने अपनी हद पार कर दी है।

### अहंकार ने बड़े-बड़ों का नाश किया

सरकारें आयेंगी और जायेंगी। कोई भी हमेशा के लिए पद पर नहीं बना रह सकता, लेकिन जनता ऐसे कलंक लगाने वाले लोगों को माफ नहीं करती। कानून तो अपना काम करेगा ही। अहं इंसान का सबसे बड़ा शत्रु है। झारखंड के भ्रष्टाचारियों को अब भी लगता है कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। इसी अहंकार ने बड़े-बड़ों का नाश किया है। हवा का रुख पहचानिए। लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची है। गैंग्स ऑफ साहिबगंज के चूहे जहाज छोड़ कर इधर-उधर भाग रहे है, क्योंकि उन्हें पता है कि जहाज का कैप्टन खुद तो डूबेगा ही, उन्हें भी डुबायेगा।

### राजा का दरबार

सिर्फ इतना ही नहीं बाबूलाल मरांडी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किये हैं। एक दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा, जो कुछ देख-सुन रहा हूं, तो सोचता हूं कि कहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एक दर्जन से भी ज्यादा सरकारी-गैरसरकारी लूट में शामिल अफसरों और लोगों को अपने साथ जेल ले जाने की दूरगामी योजना पर तो काम नहीं कर रहे?

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।

# विनोद कुमार पांडेय का होगा भव्य अभिनंदन: झामुमो

**18 दिसंबर को आयोजित होगा अभिनंदन समारोह**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को रांची जिला समिति के तमाम पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में कचहरी चौक स्थित डिप्टी पाड़ा में मंत्री हफिजुल हसन अंसारी के आवास पर की गयी। निर्णय लिया गया कि राज्य समन्वय समिति के सदस्य (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा और योगेंद्र महतो का अभिनंदन 18 दिसंबर रविवार को किया जायेगा। मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जनक नायक, बीरू साहू, मुन्ना बड़ाइक, संगठन सचिव लालजय कुमार नाथ शाहदेव, जुलफीकार खान, आदिल इमाम, जयवंत तिग्गा, संयुक्त सचिव विजय आनंद नायक और आफताब आलम बबलू के अलावा कुदुस अंसारी मौजूद थे।

### भाजपा विधायक दल के नेता ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

# बाबूलाल ने पत्रकारों पर दर्ज हो रहे झूठे मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य में पत्रकारों पर दर्ज झूठे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। बाबूलाल ने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री जी आपका ध्यान प्रदेश के लगभग हर जिले में पत्रकारों पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमे एवं इनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर आकृष्ट कराना चाहता हूं। इस संबंध में ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है, जो आपके अवलोकनार्थ इस पत्र के साथ संलग्न है। बाबूलाल ने पत्र में पत्रकारों के कार्यों का जिक्र करते हुए लिखा है कि उनके जान-माल की सुरक्षा करना राज्य सरकार का अहम कर्तव्य है। दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पत्र में पत्रकारों पर हुए मुकदमे की सूची का जिक्र करते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है।

### झारखंड में चार प्रशिक्षु आइपीएस का तबादला

**रांची।** झारखंड सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के चार अफसरों का तबादला कर दिया है। सभी प्रशिक्षु अधिकारी 2019 और 2020 बैच के हैं। 2020 बैच की प्रशिक्षु आइपीएस मूमल राजपुरोहित को मुख्यालय एक का एएसपी बनाया गया है। जमशेदपुर में प्रशिक्षु प्रवीण पुष्कर को कोडरमा का एसडीपीओ बनाया गया है। 2019 बैच के सुमित कुमार अग्रवाल एएसपी विधि व्यवस्था जमशेदपुर और ऋषभ गर्ग को एसडीपीओ मेदिनीनगर बनाया गया है।

# झारखंड कांग्रेस : रांची जिला महानगर अध्यक्ष कुमार राजा और ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के रांची जिला महानगर अध्यक्ष कुमार राजा और ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। गौरतलब है कि बीते दिनों झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों के अध्यक्षों के नाम की घोषणा की थी, जिसमें कुमार राजा को रांची जिला महानगर अध्यक्ष और डॉ राकेश किरण महतो को रांची ग्रामीण अध्यक्ष बनाया गया था।

### जनता की भावनाओं को, मुद्दों को अच्छे से समझता हूं: कुमार राजा

पदभार ग्रहण करने के बाद कुमार राजा ने कहा कि मैं रांची का हूं। रांची शहर की राजनीति लगभग 15-20 सालों से कर रहा हूं। रांची की जनता की भावनाओं को, मुद्दों को अच्छे से समझता हूं। कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेताओं की सोच को भी जानता हूं। कांग्रेस की विचारधारा के साथ लोगों के बीच आया हूं और उसी विचारधारा को आगे लेकर जाऊंगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम भी करूंगा। युवाओं को साथ में लेकर चलूंगा और आशा करता हूं कि बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मुझे मिलेगा।

### संगठनात्मिक प्रक्रिया का बेहतरीन तरीके से उपयोग किया गया: महतो

वहीं रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि सबसे पहले सभी शीर्ष नेतृत्व का मैं आभार व्यक्त करता हूं, क्योंकि उन्होंने संगठनात्मिक प्रक्रिया का बेहतरीन तरीके से उपयोग किया गया है। जो लोग काम करते थे, उनका चयन किया गया है। जिला स्तर पर किस तरीके से संगठन को मजबूत किया जाये, उसको लेकर रणनीति तैयार की गयी थी और जिला स्तर का जो दायित्व होता है, उस दायित्व को पूरा करने में सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि संगठन का लाभ राज्य की जनता और जिले की जनता को कैसे दें, इस पर खास ध्यान होगा।

# कैश कांड में अधिवक्ता राजीव कुमार से सीबीआइ ने की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा केस मैनेज करने के नाम पर 50 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले की जांच कोर्ट ने सीबीआइ को सौंप दी थी। इसके बाद सीबीआइ की टीम मंगलवार को दिल्ली से रांची पहुंची। अधिकारी मामले से संबंधित साक्ष्य और कागजात को जुटाने में लगे हैं। इसी दौरान बुधवार को सीबीआइ ने अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछताछ की। सीबीआइ ने राजीव कुमार से इस मामले से संबंधित कई बिंदुओं पर पूछताछ की। सीबीआइ अब अफसरों और न्यायिक अधिकारियों को तथाकथित तौर पर पैसे देकर केस मैनेज कराये जाने से संबंधित मामले की भी जांच करेगी।

व्यवसायी अमित अग्रवाल की शिकायत पर राजीव कुमार को कोलकाता में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में मनी लांड्रिंग की जांच के क्रम में इडी ने अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। इडी ने प्रारंभिक जांच में इस मामले में दोनों को समान रूप से दोषी पाया। जानकारी के मुताबिक, सीबीआइ कोलकाता पुलिस से अमित अग्रवाल की शिकायत की कॉपी के साथ अमित व अधिवक्ता राजीव के बीच हुई बातचीत से संबंधित डिजिटल साक्ष्य की मांग की है। राजीव कुमार को पश्चिम बंगाल पुलिस ने गत 31 जुलाई को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया था। इस मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार पर वहां हेयर स्ट्रीट थाने में व्यवसायी अमित अग्रवाल ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अमित अग्रवाल ने दावा किया था कि उनके विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता ने 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। एक करोड़ रुपये पर बात पक्की हुई थी, जिसकी पहली किश्त के रूप में 50 लाख रुपये लेने के लिए वे कोलकाता आये थे, जहां अमित अग्रवाल ने बंगाल पुलिस की मदद से उन्हें गिरफ्तार करवाया था।

### सरकार ने आंदोलनकारियों की पेंशन के लिए 4.14 करोड़ किये आवंटित

**रांची।** हेमंत सरकार ने झारखंड के आंदोलनकारियों की पेंशन के लिए 4.14 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। इसको लेकर प्रधान सचिव ने गढ़वा, साहिबगंज, चतरा और खूंटी जिले को छोड़ कर बाकी अन्य जिलों के डीसी को पत्र लिखा है। प्रधान सचिव ने पत्र में लिखा है कि झारखंड को अलग राज्य बनाने में अपना योगदान देने वाले आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को पेंशन के भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 4.14 करोड़ रुपया आवंटित किये जाते हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# रणजी में झारखंड और केरल का पहला मुकाबला 13 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत के घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद से खेला जाने वाला सबसे बड़ा टूर्नामेंट 13 दिसंबर से शुरू हो रहा है। झारखंड की टीम को एलिट ग्रुप सी में रखा गया है। झारखंड का केरल के साथ पहला मुकाबला 13 दिसंबर को जेएससीए स्टेडियम में होगा। जेएससीए की तरफ से मैच की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। भारत के प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट के नये फॉर्मेट के तहत रणजी ट्रॉफी को एलीट और प्लेट श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसका मतलब है कि दो विजेता होंगे। एलीट ग्रुप की बात करें तो मौजूदा 32 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। इसमें आठ टीमें हर ग्रुप में शामिल हैं। राउंड रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज खेले जाने के बाद हर ग्रुप की दो बेस्ट टीमें क्वार्टरफाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर जायेंगी। प्लेट ग्रुप में 15 लीग मैचों के साथ 6 टीमें शामिल हैं और शीर्ष चार सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। बीसीसीआइ ने यह फैसला टूर्नामेंट को और मुश्किल बनाने और टीमों के बीच ज्यादा प्रतिस्पर्धा करने के लिए किया गया है। 13 दिसंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2022-23 के प्लेट ग्रुप का फाइनल 25 जनवरी से 29 जनवरी तक खेला जायेगा। एलीट ग्रुप का फाइनल 16 फरवरी से 20 फरवरी तक खेला जायेगा। प्लेट ग्रुप का फाइनल खेलने वाली दो टीमों को अगले सीजन में प्रमोशन दिया जायेगा और वो एलीट ग्रुप में खेलती नजर आयेंगी।

### गुहार : अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में किया आंदोलन

# सीएम आवास घेराव करने पहुंचे दिव्यांग, घंटों जाम रही सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूरे राज्य के दिव्यांगजन अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को राजधानी रांची की सड़कों पर उतरे। वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए राजभवन से निकले, तभी पुलिस से नोकझोंक हुई। काफी देर तक मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी ने उन्हें समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन उसके बावजूद भी राजभवन से कचहरी की तरफ जाने वाली सड़क को जाम कर दिया। घंटों की जाम से लोगों को खासी परेशानी हुई। सभी दिव्यांगों का एक ही नारा था कि नौकरी में आरक्षण दिया जाये, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें। इस मौके पर कई दिव्यांग पुरुष और महिला खिलाड़ी भी मौजूद रहे। इन सब ने कहा कि हम बड़े-बड़े मैदानों में खेल कर राज्य और देश के लिए मेडल लाते हैं। पारा ओलंपिक में अपना नाम रोशन करते हैं, लेकिन हमें नौकरी नहीं मिलती। किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिलती, जबकि अन्य राज्यों में कई सारी सुविधाएं मिलती हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कंचन ने कहा कि इस धरने के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि हमारी 21 सूत्री मांगों को यथाशीघ्र पूरा किया जाये। घंटों पुलिस की ओर से समझाने के बाद मुख्यमंत्री से वार्ता कराने पर सभी आंदोलनकारी वापस धरना स्थल पर लौट गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# बंधु तिर्की का ऑडियो खूब हो रहा है वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजनीति में नेताओं के विवादित बयान सुनने को मिलते रहते हैं। कई बार राजनेताओं की बदजुबान का निशाना अधिकारी और पदाधिकारी बने हैं। झारखंड में कांग्रेस के नेता इनदिनों अपनी बदजुबानी से जनप्रतिनिधि की मर्यादाी को धूमिल कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला इनदिनों झारखंड में पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का ऑडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें बंधु तिर्की एनएचआइ के एक अधिकारी अमित कुमार से फोन पर ऐसी भाषा में बातचीत कर रहे है, जिसे हम लिख नहीं सकते। वायरल ऑडियो में बंधु तिर्की का कोई आदमी अमित कुमार को फोन मिलाता है। कहता है अमित जी विधायक सर आये हुए है कहां हैं... उधर अमित ने उत्तर दिया दो मिनट में आ रहे हैं। फिर फोन मिलाने वाला व्यक्ति कहता है सुबह से फोन मिलाया जा रहा है... गणेश जी को लीजिये तो विधायक जी से बात कीजिए तो, बंधु तिर्की सीधे शुरू होते है, मा... चो... कहीं का रे कितना देर में आयेगा बे। उधर से जवाब मिलता है दो मिनट में आ रहे हैं। फिर बंधु तिर्की ने कहा तुम हो तुम कहां हो... उधर से जवाब मिलता है अभी कुडू के तरफ हैं। फिर बंधु तिर्की ने कहा कि दो मिनट में आ रहे हैं, झूठ बोल रहे हो। ज्यादा हीरोगिरी मत बोलो। फिर आगे बंधु ने कहा अरे गा... में डंडा कर दूंगा सा... ले अभी थाने में बंद कर दूंगा। उधर से जवाब दिया काहे सर थाना में क्यों बंद कर देंगे। इसके बाद वायरल ऑडियो खत्म हो जाती है। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टी आजाद सिपाही नहीं करता है कि यह कब का ऑडियो है और किससे बातचीत हो रही है।

# बिजली कर्मचारी भूख हड़ताल पर

## जीएम ने दिया अभियंताओं को आदेश : कर्मियों की हड़ताल का प्रभाव बिजली व्यवस्था पर न पड़े, आपूर्ति सामान्य रखें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की ओर से भूख हड़ताल की शुरुआत कर दी गयी है। इसके साथ ही बिजली विभाग ने भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए कमर कस ली है। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने इस संबध में आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी एग्जीक्यूटिव और जूनियर इंजीनियर्स को आदेश दिया है कि जरूरत के अनुसार अतिरिक्त मैनपावर रखने की जरूरत हो, तो विभागीय संवेदक से दक्ष कर्मियों से काम लिया जाये। बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने का असर बिजली व्यवस्था पर नहीं पड़नी चाहिए। हर स्थिति में विद्युत आपूर्ति सामान्य रखी जाये। निर्देश में कहा गया है कि रांची और




इसके आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुचिश्र्चिति कया जायें। फिलहाल राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाये रखने के लिए जितनी भी बिजली की आवश्यकता है, वह बिजली ग्रीड से उपलब्ध करायी जा रही है, इसलिए निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए आदेशों का अनुपालन सुचिश्चित करें। जानकारी हो कि प्रमोशन समेत 18 सूत्री मांग के लिए बिजली कर्मियों का भूख हड़ताल बुधवार से शुरू है।

उपस्थिति सुनिश्चितक करने का दिया आदेशरू इस दौरान जीएम ने आदेश दिया है कि शाम पांच बजे से रात के नौ बजे तक हर सबस्टेशन में सहायक विद्युत अभियंता और कनीय विद्युत अभियंता की उपस्थिति सुचिश्चित हो। सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के अनुसार हटिया, नामकुम व कांके ग्रीड के संपर्क में रहेंगे। ग्रिड से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर में जितनी बिजली की आवश्यकता है, उतनी बिजली ग्रीड से संपर्क स्थापित कर प्रत्येक सबस्टेशन को उपलब्ध कराया जाये। जानकारी हो कि बिजली कर्मियों का भूख हड़ताल आज से शुरू हो चुका है।

झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन के बैनर तले कर्मी ये आंदोलन कर रहे है। आंदोलन 18 सूत्री मांगों के विरोध में किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में बिजली संकट भी गंभीर होने की संभावना है, जिसके बाद आपूर्ति कार्यालय ने आदेश जारी किया। यूनियन की मानें तो हड़ताल में दो हजार से अधिक चतुर्थ और तृतीय वर्गीय कर्मचारी शामिल है, जिसमें तकनीकि कर्मचारी ही अधिक है, जो राज्य में बिजली व्यवस्था की कमान संभालते है। अभी भी राज्य में सेंट्रल पुल से कटौती जारी है।

# महत्वपूर्ण न्यूज

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा के साथ अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दीपशिखा के बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा के विशिष्ट बच्चों ने किया और अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात अनेक रोचक खेल हुए, जिसमें दीपशिखा के छात्रों के साथ सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र सम्मिलित हुए। एडल्ट् स्किल ट्रेनिंग यूनिट ने मार्बल प्रिंट काड्र्स, लिफाफे और पेपर बैग बनाने के तरीके सरला बिरला के छात्रों के सामने प्रस्तुत किए। वहीं सरला बिरला के छात्रों ने भी अपने द्वारा बनाए गए मॉडल और परियोजनाएं प्रदर्शित की। उन्होंने सबको बिना किसी टेप की सहायता से किसी व्यक्ति की ऊंचाई या किसी दूरी को माप कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्रों ने अपनी दूसरी परियोजना के अंतर्गत घर के रद्दी सामान का उपयोग कर ऊर्जा का उत्पादन करना भी प्रदर्शित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दीपशिखा भ्रमण से छात्रों को समाज के विशिष्ट बच्चों से मिलने और उन्हें समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य परमजीत कौर ने छात्रों की परियोजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि विशिष्ट बच्चों ने हमारे छात्रों को जीवन के सत्य से परिचित कराया है, जो उन्हें भविष्य में एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करेगा।

## हाइकोर्ट की अवमानना पर पाकुड़ एसपी और पाकुड़िया थानेदार को सशरीर हाजिर होने का आदेश

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी का आदेश नहीं मानना पाकुड़ पुलिस को महंगा पड़ा। हाईकोर्ट ने बुधवार को हुई सुनवाई में इसे अवमानना मानते हुए पाकुड़ एसपी, पाकुड़िया थानेदार व संबंधित कांड के अनुसंधानकर्ता को पांच जनवरी को सशरीर हाजिर होने का आदेश जारी किया है। मामला पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना के कांड संख्या 60/2022 से जुड़ा हुआ है। कांड के आरोपी शिवशंकर भगत के खिलाफ पाकुड़ पुलिस ने कुर्की जब्ती का आदेश लिया था। शिवशंकर भगत ने अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह के माध्यम से कुर्की आदेश को निरस्त करने के लिए सीआरएमपी 4161/2022 दायर किया था। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने 28 नवंबर को पाकुड़ पुलिस को कुर्की आदेश स्थगित करने को कहा था।

## अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड के अध्यक्ष रामाशीष यादव ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें उपाध्यक्ष के पद पर रंजन यादव, दिनेश यादव, नीलम देवी, सत्यनारायण यादव, सविता गोप, सुधीर यादव, गौरीशंकर यादव, राजधानी यादव, राजेश यादव, सुरेंद्र यादव को मनोनीत किया गया। प्रधान महासचिव संगठन के लिए इंद्रजीत यादव को प्रदेश महासचिव बीरबल यादव, शिवदयाल गोप दिनेश यादव, रामजी यादव, प्रताप यादव, प्रशांत यादव, राजू यादव, विभाकर यादव, सचिव राज यादव, उपेंद्र यादव, सुनील यादव, विकास यादव, मनोहर यादव, रितेश यादव, अजय गोप, बबलू गोप, अरविंद यादव, सत्येंद्र यादव, नवीन देव यादव, रणजीत यादव, पप्पू यादव, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह यादव, प्रवक्ता प्रमोद कुमार राय, इंद्रजीत उर्फ लालू यादव, जितेंद्र सिंह यादव मीडिया प्रभारी, सतवंत यादव, सोशल मीडिया प्रभारी अभ्युदय यादव, नीलेश यादव, मनीष यादव, कार्यालय सचिव गोरखनाथ यादव, संरक्षक अन्नपूर्णा देवी, मनोज यादव, भुनेश्वर यादव, जानकी प्रसाद यादव, जय सिंह यादव, शिवपूजन यादव, साधु शरण गोप, बल्ली यादव, तथा प्रदेश के सभी यादव समाज के पूर्व एवं वर्तमान विधायक सांसद, मार्गदर्शक मंडल में अशोक कुमार यादव, सुधीर गोप, श्रवण यादव, भरत यादव, शिव शंकर यादव, धनेश्वर यादव को बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सिल्वम एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ मनोज ने सभी को बधाई दी है।

## यूजीसी रेगुलेशन के तहत ग्रेड पे सैलेरी मिले : सहायक अनुबंध प्राध्यापक संघ

**रांची (आजाद सिपाही)।** सहायक अनुबंध प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन कुमार साही और सदस्यों द्वारा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित प्रति कक्षा 1500 रुपये प्रस्तावित नीति को कैबिनेट की बैठक में रखने की सहायक प्राध्यापक संघ द्वारा घोर निंदा की गयी। इसके साथ ही संघ द्वारा इसका विरोध भी किया गया। संघ के सदस्यों द्वारा यह बताया गया कि सरकार की नीयत और नियति दोनों बदल गयी है। सहायक प्राध्यापकों की भलाई करने के बजाय फिर से घंटी बांधकर, गुलाम ही रखना चाहती है। आज उच्च शिक्षा बेहाल हो गयी है। कुलाधिपति सहित मुख्यमंत्री, उच्च एवम तकनीकी शिक्षा विभाग और सभी कुलपतियों के समक्ष इसे लेकर गुहार भी लगाई गयी, कि प्रति माह न्यूनतम ग्रेड पे फिक्स किया जाए। लेकिन आश्वासन को अमली जामा पहनाने के लिए 1500 रुपये प्रति वर्ग का लॉलीपॉप पकड़ा दिया गया और कक्षा भी कम कर दिया गया। इस नीति का हम घोर विरोध करते है। यह जानकारी संघ के महासचिव डॉ रामकुमार, सहायक प्राध्यापक संघ रांची विश्वबिद्यालय रांची द्वारा दिया गया।

## जैलेंद्र कुमार ने जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र दिये



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के सुदूर जोन्हा पंचायत के बुढा कोचा में बृद्ध जनों के बीच ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरण भाजपा के युवा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। जैलेंद्र के साथ पीएसएस दिलीप बेदिया,एतवा भगत,मनीराम बेदिया, आदि उपस्थित रहे।

# ड्रग इंस्पेक्टर और उसका सहयोगी घूस लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दुमका की टीम ने बुधवार को देवघर के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कश्यप और उसके एक सहयोगी को मधुपुर के चांदवारी में पशु दवा दुकानदार से आदिल रशीद से 18 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पशु दवा विक्रेता आदिल रशीद ने बताया कि दुकान का लाइसेंस नवीनीकरण करने के नाम पर ड्रग इंस्पेक्टर उनसे 50 हजार रुपये घूस मांग रहे था। फिलहाल पहली किस्त में 18 हजार रुपया देना तय हुआ था। इसके बाद गत 21 नवंबर को उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी दुमका और रांची में किया था। बुधवार को पैसे देने की बात तय हुई थी। इसकी सूचना उन्होंने एसीबी टीम ने मधुपुर पहुंचकर जाल बिछाया। जैसे ही ड्रग इंस्पेक्टर आदिल दवा दुकान पहुंचा और रिश्वत का 18 हजार रुपया लिया, वैसे ही दुमका डीएसपी के नेतृत्व में एसीबी टीम ने रिश्वत के रुपयों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को एसीबी टीम ने अपने साथ दुमका ले गयी।

# युवती से महीने भर छह युवकों ने किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र से शर्मसार करने वाली खबर सामने आयी है। छह युवकों ने एक माह तक एक युवती से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अब थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में अजय तिर्की उर्फ प्रिंस और गौरव सिंह शामिल है। वहीं चार युवक फौजी भाई उर्फ नवीन क्षेत्री, सेंटू, शनि और शाहिल फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**गौरव सिंह ने दलाल को बेच दिया**

**पीड़िता ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि आलू-प्याज का कारोबार करने वाले गौरव सिंह ने उसे 24 अक्टूबर को अपने घर बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद 25 अक्टूबर को गौरव ने अपर बाजार में एक व्यक्ति के हाथों उसे बेच दिया। उसे बकरी बाजार के समीप एक कमरे में रखा जाता था। उक्त व्यक्ति कार में बैठा कर अलग-अलग जगहों पर ले जाता था और युवकों के हवाले कर देता था। फिर अगले दिन कार लेकर होटल के बाहर पहुंचता था और उसे लेकर वापस उसी कमरे में छोड़ देता था। इसी दौरान 26 नवंबर को उसे नामकुम स्थित एक कमरे से अजय तिर्की के साथ पुलिस ने पकड़ा था, जिसके बाद इस मामले का खुलासा हुआ है।**

**वीडियो कॉल से कराते थे पसंद :** पुलिस को दिये बयान में पीड़िता ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात फोन कर गौरव ने उसे अपने गोदाम में बुलाया। इसके बाद उसे अपने घर ले गया और वहां दुष्कर्म किया। 25 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित अपनी दुकान ले गया और एक शख्स के हवाले कर दिया। फिर गौरव ने कहा कि ये अंकल जो भी कहेंगे, उसे चुपचाप करना। दरअसल वह शख्स लड़कियों को सप्लाई करने वाला दलाल था। पीड़िता ने बताया कि अंकल अपनी कार से पहुंचे और उसे ले गये। कार में पहले से दो अन्य लड़कियां भी मौजूद थीं, जिनमें से एक का नाम रिया सिन्हा था। इसी बीच अंकल को किसी का वीडियो कॉल आया और उसने बारी-बारी से तीनों लड़कियों को दिखाया। इसके बाद एक लड़की को पसंद किया गया और उसे हरमू मुक्तिधाम के पास उतार दिया गया। थोड़ी देर बाद दोबारा वीडियो कॉल आया और दूसरी युवती को पसंद करके उसे वेंडर मार्केट के पास उतार दिया।

इसके बाद जब कॉल आया, तो उसे पसंद किया गया। कार वाले अंकल ने उसे संत अन्ना स्कूल के आगे उतार दिया। वहां पहले से एक 22 साल का युवक मौजूद था, जो उसे अपने साथ अनजान जगह में अपने कमरे में ले गया। पहले युवक ने वहां शराब पी और उसके साथ डांस किया। फिर जबरन युवक ने उसे भी शराब पिलायी और रेप किया। रातभर युवती उस युवक के कमरे पर ही रही। सुबह होते ही कार वाले अंकल उसे लेकर बकरी बाजार के पास एक कमरे में पहुंचे और कहा कि आराम करो, तुन्हें रात में फिर जाना होगा। इसके बाद युवती समझ गयी कि गौरव ने उसे देह व्यापार के धंधे में धकेल दिया है।

**कमरे से लड़की हुई फरार :** इससे आगे पीड़िता ने बताया कि वह इस काम से परेशान हो गयी और कमरे से भाग कर मेन रोड पहुंची। यहां उसे पहचान के लड़के शनि और शाहिल मिले। उससे मदद मांगी, तो उन दोनों ने भी स्टेशन रोड स्थित एक कमरे में ले जाकर गैंगरेप किया। इसके बाद भागते हुए वह फिर बकरी बाजार स्थित कमरे में पहुंची। 27 अक्टूबर की रात उसे कचहरी चौक के समीप ले जाया गया और दो युवकों के हवाले कर दिया गया। दोनों युवक उसे लेकर महाराजा होटल के बगल में स्थित एक होटल के कमरे में पहुंचे। दोनों ने उसके साथ रेप किया। दोनों युवकों ने अपना नाम फौजी भाई उर्फ नवीन क्षेत्री और अजय तिर्की उर्फ प्रिंस बताया। सुबह होते ही फौजी भाई चला गया, लेकिन अजय उसे स्टेशन रोड स्थित एक होटल ले गया। फिर 29 अक्टूबर को अजय ने लोअर चुटिया (नामकुम) में किराये पर एक कमरा ले लिया और साथ में रख कर रेप करने लगा। अजय पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। इसी बीच पुलिस ने वहां रेड की और पीड़िता को बरामद किया।

# 10 को टेडेक्स कांके के टॉक शो में विचार रखेंगी नामचीन हस्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेडेक्स कांके के तत्वावधान में 10 दिसंबर को श्यामली कॉलोनी स्थित सेल एमटीआई ऑडिटोरियम में टॉक शो का आयोजन किया जायेगा। इस टॉक शो में देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों द्वारा 'द सस्टेनेबल प्लानेट' पर अपनी बात को रखा जाएगा। टेडेक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता ने बताया कि टॉक शो की तैयारियां पूरी कर ली गई है। टॉक शो में हसिरू डाला इनोवेशन की फाउंडर नलिनी शेखर द्वारा 'अपना दृष्टिकोण बनाएं : शहरी गरीब या पर्यावरणविद्' विषय पर अपनी बात रखी जायेगी। स्कूबा स्कूल इंटरनेशनल की स्कूबा इंस्ट्रक्टर शौर्या तारिणी 'संरक्षण-प्रेम के कारण, भय के कारण नहीं' पर चर्चा करेंगी।

तजना शिलेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रोशन लाल शर्मा 'वन : एक महान आशीर्वाद', सेल के एचआरडी ईडी संजीव कुमार 'स्थिरता के लिए डिजिटल परिवर्तन', फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्च एसोसिएट हिमाद्रि विश्वास 'सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना', स्ट्रेटेजिक एलायंसेस एंड सेल्स सिबरोस के वाईस प्रेसिडेंट शिवालिक प्रसाद 'कनेक्टेड और सस्टेनेबल मोबिलिटी', विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलाव लंदन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वेनर मेंसकी, मल्टी इंस्ट्रुमेंटलिस्ट मार्टिन ब्रूनो डेनियल भी टॉक शो को संबोधित करेंगे।टॉक शो का संचालन प्रसिद्ध रेडियो जॉकी 92.7 बिग एफएम रांची की आरजे राशि करेंगी। प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि टॉक शों का समापन वर्ल्ड फेमस म्यूजिकल बैंड मार्टिन ब्रूनो डेनियल डुबोस का ग्रुप के परफॉर्मेंस से होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, सी एम चुग, अनुप प्रसाद, अमित मोदी, मेरी स्टेला, नितिका ठाकुर, इशिता श्री, हितेश भगत, एवं क्रर एमबीए के स्टूडेंट्स की टीम शामिल है।

# ई विद्या वाहिनी पोर्टल में निजी विद्यालयों के बच्चों को रजिस्टर्ड करने में बैंक अकाउंट नंबर की बाध्यता समाप्त हो : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को पत्र लिखकर ई विद्या वाहिनी पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के लिए बैंक अकाउंट की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ऐसा नहीं होने पर निजी विद्यालयों के बच्चों को भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षा सचिव को भी पत्र की प्रतिलिपि दी गयी है।

पत्र में लिखा गया है कि ई विद्या वाहिनी पोर्टल में निजी विद्यालयों के बच्चों को रजिस्टर्ड करने में अकाउंट नंबर और आधार कार्ड को मेंडिट्री किया गया है। अर्थात यदि किसी बच्चे का अकाउंट नंबर ना हो तो उसका नाम ई विद्या वाहिनी पोर्टल में रजिस्टर्ड नहीं हो सकता और अगर बच्चे रजिस्टर्ड नहीं होंगे तो स्कूलों का संचालन बंद हो जायेगा। निजी विद्यालयों के बच्चों को किसी तरह का सरकारी राशि हस्तांतरित नहीं होने के कारण निजी विद्यालयों के बच्चों का अकाउंट नंबर सामान्य स्थिति में विद्यालय के पास उपलब्ध नहीं रहता और ना ही सरकारी विद्यालयों के बच्चों की तरह निजी विद्यालयों के अभिभावक प्रत्येक बच्चे का अकाउंट खुलवाते हैं। यहां तक की कक्षा वन,टू या छोटे बच्चों का तो आधार नंबर या आधार कार्ड भी बना नहीं होता। इस स्थिति में ई विद्या वाहिनी पोर्टल के रजिस्ट्रेशन में बच्चों का अकाउंट नंबर मैंडेटरी करने की बाध्यता और छोटे बच्चों का आधार कार्ड को मैंडेटरी करने की बाध्यता यदि नहीं हटाई गई तो निजी विद्यालय के बच्चे ई विद्या वाहिनी पोर्टल में निबंधित ही नहीं हो पायेंगे। इसलिए ई विद्या वाहिनी पोर्टल में निजी विद्यालयों के बच्चों के लिए आधार और बच्चों के अकाउंट नंबर को निबंधित करने की बाध्यता (मैंडेटरी) को समाप्त किया जाये।

### बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का असर

# शीतलहरी ने झारखंड में बढ़ायी कंपकंपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में अब लोगों को कड़ाके की ठंड सतायेगी। बुधवार सुबह से ही बंगाल की खाड़ी में हुए निम्न दबाव का असर राजधानी के आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है। सुबह से ही चारों तरफ कोहरे और तेजी से शुष्क हवाएं चल रही है। इसके कारण कनकनी भी थोड़ी सी बढ़ गयी है। इधर, राज्य के मौसम को लेकर मौसम विभाग केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। वहीं, अगले पांच दिनों के मौसम का पूर्वानुमान तापमान जारी करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य के दक्षिण पूर्वी भाग (जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान) में 8-9 और 10 दिसंबर को सुबह के समय कोहरे के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके बाद मौसम शुष्क हो जायेगा।

मौसम विभाग केंद्र की तरफ से जानकारी मिली है कि अगले कुछ दिनों जिसमें 8-9 और 10 दिसंबर को आसमान में बादल छाए रहेंगे और चारों तरफ कोहरा नजर आयेगा।

# झारखंड में पोस्टमैन और अस्पताल कर्मी भी अपडेट कर रहे हैं आधार : राजीव चंद्रशेखर

**560 टेबलेट के माध्यम से हो रहे बच्चों का आधार अपडेट**

**सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि झारखंड में अब पोस्टमैन और अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा भी आधार कार्ड में बच्चों का नामांकन और मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा प्रदान की गयी है। उन्होंने यह बात संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान रांची के सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में कही। सांसद सेठ ने पूछा था कि झारखंड राज्य में कितने आधार केंद्र का संचालन किया जा रहा है? सांसद ने यह भी जानना चाहा था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

इसके जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सदन में बताया कि नवंबर 2022 तक झारखंड के 24 जिलों में लगभग 2700 आधार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जहां आधार कार्ड के निर्माण और उसे अपडेट करने की सुविधा है। इसके अलावा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नामांकन और उनके आधार के साथ मोबाइल नंबर को अपडेट करने की सुविधा 560 हैंडल टेबलेट के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी है। यह हैंडल टेबलेट अधिकांश पोस्टमैन और अस्पताल कर्मचारियों के द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यह बच्चों को आधार से जोड़ने की एक नयी और अच्छी पहल है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय और भारत निर्वाचन आयोग ने समाज कल्याण और सुशासन को लेकर राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में मतदाता सूची और आधार कार्ड को जोड़ने का कार्य आरंभ तो किया है। यह कार्य स्वैच्छिक आधार पर किया जा रहा है।

मतदाताओं के आधार प्रमाणीकरण के प्रदर्शन को अधिसूचित करने के लिए केंद्र सरकार के प्राधिकार से अवगत कराया गया है चूंकि यह एक ऐच्छिक प्रक्रिया है, इसलिए इसका विस्तृत ब्योरा अभी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण या मंत्रालय के पास व्यवस्थित नहीं है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# मंत्री के पुत्र के शादी समारोह में शामिल हुए सीएम, किया भव्य स्वागत

## सीएम ने वर- वधु को आशीर्वाद दिया, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात | मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र के शादी समारोह में उमड़ा जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के बेटे मुकेश भोक्ता के शादी समारोह में शामिल हुए। सीएम बुधवार को हेलीकॉप्टर से चतरा जिले कारी गांव सत्यानंद भोक्ता के पैतृक आवास कारी गांव पहुंचें। मुख्यमंत्री 3:30 बजे हवाई मार्ग से सीधे कारी पहुंचें। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कारी गांव में ही हेलीपैड बनाया गया था। मुख्यमंत्री को सबसे पहले जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। पश्चात मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था का कमान खुद एसपी राकेश रंजन संभाल रखी थी। जिले भर के जवान व महिला पुलिस जगह जगह लगे थे। डीसी अबु इमरान, राजद प्रदेश अध्यक्ष



संजय सिंह यादव समेत विधायक व पूर्व विधायक ने सीएम को बुके देकर भव्य स्वागत किया। सीएम ने मंत्री पुत्र व पुत्र वधु को आशीर्वाद दिया। बुधवार देर शाम मंत्री के गांव में बड़ी संख्या में लोग जुटे। मौके पर पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल, विधायक रामचंद्र सिंह चेरो, विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, सभी सभी पार्टी के जिला अध्यक्ष, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी केदार नाथ राम, बीडीओ गणेश कुमार समेत जिला के सभी विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, जेएमएम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, कांग्रेस नेता अरुण सिंह, श्याम प्रसाद सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सीएम हेमंत सोरेन को रामोजी राव की तरफ से पुस्तक की गयी भेंट




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को ईनाडु ग्रुप के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के योगदान को सामने लाने के लिए प्रकाशित पुस्तक 'इम्मोर्टल सागा- इंडियाज स्ट्रगल फॉर फ्रीडम' की प्रति रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव की तरफ से ाजेश कुमार सिंह ने सप्रेम भेंट की। उन्हें बताया गया कि इसमें THE STORY OF A PROUD TRIB-AL और BIRSA MUNDA - THE 'GOD ON EARTH' शीर्षक के साथ भगवान बिरसा मुंडा और श्री जयपाल सिंह मुंडा के संघर्ष का वर्णन पुस्तक में है। मुख्यमंत्री ने ईनाडु ग्रुप के इस पहल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि झारखंड वह भूमि है, जहां के वीरों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ तब लड़ाई लड़ी थी, जब उनके खिलाफ आवाज उठाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाता था। उन्होंने अमर शहीद तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हो, वीर बुधु भगत, भगवान बिरसा मुंडा जैसे नायकों के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।

## 24 घंटे के दौरान दो साइडिंग में अपराधियों ने फायरिंग कर पुलिस को दी चुनौती

# सौंदा डी में अपराधियों का तांडव, बंद कराया काम

### गोलीबारी की जांच को लेकर एसआइटी का हुआ गठन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर मंगलवार को रेलवे साइडिंग के रेलवे ट्रैक निर्माण क्षेत्र में हुई फायरिंग घटना के बाद पतरातू थाना में 16 से 17 अज्ञात लोगों पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** थाना क्षेत्र में एक बार फिर अपराधियों का मनोबल बढ़ता दिख रहा है। 24 घंटे के अंदर पतरातू प्रखंड के दो साइडों में अपराधियों ने गोली चलाकर प्रशासन को चुनौती दे डाली है। मंगलवार को पतरातु थाना क्षेत्र के वीणा टॉकीज के निकट रेलवे साइडिंग में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद दूसरे दिन बुधवार को अपराधियों ने सेंटर सौंदा बी साइडिंग में दहशत फैलाते हुए फायरिंग करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को लगभग दिन के 12 बजे सोंदा बी साइडिंग में काले रंग के पल्सर बाइक में सवार नकाबपोश दो अज्ञात अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने मोबाइल क्रशर के पास पहुंचकर हथियार को चमकाया। अपराधियों



### क्रसर कंपनी से पहले भी लेवी की होते रही है मांग

**सौंदा बी साइडिंग में काम कर रही कंपनी शशि स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड से 2020 में भी लेवी की मांग को लेकर कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसे लेकर कोयला क्रशिंग का काम 15 दिनों तक बाधित रहा था। कयास लगाया जा रहा है की अपराधियों ने दहशत फैलाने व लेवी के लिए उक्त घटना को अंजाम दिया है।**

ने वहां उपस्थित सीसीएल कर्मियों से मोबाइल क्रशर के मालिक के बारे में पूछाताछ किया। सीसीएल कर्मियों ने कहा की मोबाइल क्रेशर का मालिक यहां नहीं रहता है हम लोग सीसीएल के कर्मचारी हैं। उसके बाद नकाबपोश अपराधी ने मोबाइल क्रशर का मुआयना कर वापस आकर सीसीएल कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मोबाइल क्रशर के मालिक को मुलाकात करने के लिए कह देना नहीं तो अगली बार प्राइवेट और सरकारी नहीं पहचानेंगे। यह कहते हुए ज्यो ही हवाई फायरिंग करने के लिये पिस्टल चलाया तो मिस फायर हो गया और एक जिंदा कारतूस जमीन में गिर गया। मिस फायर होते देख अपराधी भाग खड़े हुए। घटना के बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पहुंची और उपस्थित लोगों से पूछताछ किया। बताया जाता है कि भुरकुंडा बी साइडिंग में शशि इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को 2016 से कोयला क्रशिंग का काम दिया गया है। बलकुदरा आउटसोर्सिंग के कोयले को क्रसिंग के लिये विशेष तौर पर स्थापित किया गया है। इधर घटना स्थल पर पहुंची भुरकुंडा पुलिस सीसीटीवी के फुटेज को भी खंगाला है। हलांकि अपराधियों की पहचान नही हो पाई। मामले में भुरकुंडा थाना प्रभारी बलवंत दूबे ने कहा है कि आपराधिक तत्वों से निबटने में पुलिस पूरी तरह से सक्षम है। मामले की पूरी तरह छानबीन की जा रही है। घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में पुलिस जुटी हुई है। मौके पर थाना प्रभारी बलवंत दुबे, एएसआई कुंदन राव, एन के सिंह आदि मौजूद थें।

### फायरिंग के दूसरे दिन कंस्ट्रक्शन साइट पर पसरा रहा सन्नाटा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत बिना टॉकीज के पास दुर्गा मंडप के पीछे स्थित हरदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर मंगलवार को ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद बुधवार को साइट पर सन्नाटा पसरा रहा कंपनी के मजदूर दिनभर दहशत के माहौल में बीता। इसके साथ ही साइट के आसपास जो हरदेव कंपनी पीवीयुएन के लिए पतरातू से पिवीयुएन के कोल हैंडलिंग प्लांट तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए काम हो रहे थे वह भी बुधवार को बंद रहे। मजदूरों में डर और दहशत का माहौल व्याप्त रहा। पतरातू पुलिस द्वारा फायरिंग करने वाले अपराधी के संभावित ठिकानों पर छापामारी होती रही। परंतु कोई भी सफलता पुलिस को नहीं मिल पाई है। इससे पतरातु के आम लोगों में चचाएं होती रही की इस तरह खुलेआम दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले आखिर कौन लोग हैं अपराधी या उग्रवादी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बहुमूल्य है कवि सुरेंद्रनाथ का काव्य संसार : डॉ अशोक प्रियदर्शी





**रांची (आजाद सिपाही)।** कवि सुरेंद्र नाथ सक्सेना के तीन प्रबंध काव्य ग्रंथ शांति-दूत, दिव्य लोक, रक्षा-बंधन का लोकार्पण सह पुस्तक परिचर्चा मनरेसा हाउस के काबिल बुल्के भवन में मंगलवार को हुआ। श्री साहित्य कुंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ माया प्रसाद (मुख्य अतिथि), डॉ अशोक प्रियदर्शी (अध्यक्ष) प्रमोद झा, बीना श्रीवास्तव एवं पूर्व डीएसपी प्रशांत कर्ण, प्रतिमा त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके समाज उपयोगी साहित्य पर समग्र प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज की धरोहर है जो उनके अवसान के बाद और लेखन के लगभग सतर वर्ष बाद उनकी संतति द्वारा समाज को दी जा रही है। अभी कवि सुरेंद्र के साहित्य व पुस्तकों को साहित्य जगत में सही सम्मान मिलना शेष है। हम इसे पढ़े और इससे प्रेरणा भी ले। इस अवसर पर रेणु मिश्रा त्रिवेदी,कामेशवर कुमार, राकेश रमण, रेणु बालाधर, निर्मला करण,रंजना वर्मा,प्रतिभा सिंह,पुष्पा सहाय आदि ने उनकी कविताओं का पाठ किया। सरस्वती वंदना बिंदु प्रसाद ने की। संचालन मनीषा सहाय व गीता चोबे गूंज द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन नीता शेखर ने किया।

### मिशन चौक में हर रोज सुबह स्कूल और कॉलेजों के बच्चे करते हैं त्राहिमाम



**रांची (आजाद सिपाही)।** सुबह हर दिन मिशन चौक में गड़ियों का मेला लगा रहता है। इसमें स्कूलों के छात्र छात्राएं काफी परेशान हो जाती हैं। सुबह के समय मिशन चौक पर ट्रैफिक पुलिस भी नहीं रहती है। एक ओर विद्यार्थियों को स्कूल जाने के लिए देर होते रहती है। वहीं दूसरी तरफ कई स्कूलों की परीक्षा भी चल रही है। कई गाड़ियां दाहिने तरफ से चलने लगती हैं। इससे मिशन चौक में चारो तरफ से जाम हो जाता है। मिशन चौक में एक तरफ थाड़पखना, कर्बला चौक, मेन रोड और कांटाटोली चौक के लिए वाहने निकलती है। इसी क्रम में आसपास में कई स्कूल और कॉलेज है। बच्चे स्कूल जाने के क्रम में जाम में फंस जाते हैं और वह स्कूल देर से पहुंचते हैं। देर होने पर स्कूल और कॉलेजों के गेट बंद कर दिया जाता है। स्कूल और कॉलेजों के बच्चे त्राहिमाम करते रहते हैं।

### 110 जरूरतमंदों को दिये गये गर्म कपड़े



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के सदस्यों ने ने बुधवार को 110 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। मुंडा टोली, पाहन टोली एवं पाहन टोली से आये महिला-पुरुष एवं बच्चों को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, बिष्णु सोनी ओमप्रकाश सरावगी समाज सेवी प्यारी उरांव,गांगी तिर्की, किरण बान्डो, फूलो उरांव, सूरज उरांव एवं बिरसा उरांव ने उन्हें कंबल, मफलर एवं उनी मोजा दिया। मौके पर संस्था के सह संरक्षक बंसत कुमार गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, रविंद्र पांडे धीरज गुप्ता,आलोक सिंह एवं संस्था के और बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## इक्फाई विश्वविद्यालय में पूर्व छात्रों की बैठक

# अनुस्मारन विंटर-2022 का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुस्मारन विंटर 2022, वर्ष 2022 के दौरान दूसरी पूर्व छात्रों की बैठक इक्फाई विश्वविद्यालय में काव के रेस्तरां में आयोजित की गई, जिसमें भारत और विदेशों के विभिन्न स्थानों के पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की शुरूआत सिमलिया गांव की ग्रामीण महिलाओं द्वारा नागपुरी शैली में आदिवासी लोक नृत्य के स्वागत के साथ हुई, इसके बाद गायन, नृत्य आदि जैसे मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा, ह्लहमें खुशी है कि हमारे पूर्व छात्रों ने अपनी रुचि और जुनून के आधार पर विविध करियर के रास्ते चुने और भारत और विदेशों ऑस्ट्रेलिया, यूके, यूएस और कनाडा जैसे देश में भी अपनी पहचान बनाई। जबकि आप में से कई प्रतिष्ठित संगठनों में काम कर रहे हैं, कुछ आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईबीएस, केंद्रीय विश्वविद्यालयों आदि जैसे प्रमुख संस्थानों में उच्च अध्ययन के लिए गए हैं। हमने देखा कि हमारे लगभग 11% पूर्व छात्रों ने गायन, नृत्य, फिल्म अभिनय, टीवी श्रृंखला निर्देशन, मॉडलिंग, खेल आदि जैसे क्षेत्रों में उद्यमी और स्वतंत्र कलाकार बनना चुना। इस अवसर पर, इक्फाई विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र न्यूजलैटर का दूसरा अंक, एल्युमनेस्ट जारी किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों पर पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों अपडेट शामिल थे। पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों के साथ विश्वविद्यालय में परिसर के जीवन की अपनी यादों को याद किया और विश्वविद्यालय छोड़ने के बाद पेशेवर यात्रा के अनुभवों को साझा किया और अपनी पेशेवर सफलता में योगदान के लिए विश्वविद्यालय और संकाय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को करियर सलाह भी दी और छात्रों के रूप में और कार्यस्थल में अपने समय की सबसे कीमती यादों को साझा किया।ए ूर्व छात्रों की बैठक का समन्वय डॉ. पृथा चतुवेर्दी, प्रो सुमित सिन्हा और डॉ. बिजॉय गांगुली ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुब्रतो डे ने किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अरविंद कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए पूर्व छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच सतत आधार पर संपर्क को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### नगर निगम में 50 करोड़ का टैक्स संग्रहण

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम में अब तक 50 करोड़ का संग्रहण किया जा चुका है। यह पिछले वर्ष के दिसंबर माह की तुलना में अधिक है। यह जानकारी बुधवार को नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की समीक्षात्मक बैठक में राजस्व संग्रहण एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधियों ने दी। नगर आयुक्त ने कहा कि कर संग्रहण के कार्य में और तीव्रता लाने और मार्च 2023 तक अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण करने की अवश्यकता है। जिस पर एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 75 करोड़ है। इसे प्राप्त करने के लिए कार्य योजनाबद्ध तरीके की जा रही है। बैठक में नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है कि रांची शहर के 4 जोन के लिए एक 4 सदस्य टीम का गठन किया जाये। ऑनलाइन पेमेंट मोड में देखा गया है कि नागरिकों के ऑनलाइन भुगतान के पश्चात रसीद नहीं मिल पा रहा है। जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि 15 करोड़ की राजस्व की वसूली ऑनलाइन माध्यम से की गयी।

# श्रमिकों के दर्द को समझें अधिकारी, ग्रामीणों के रोजगार सृजन का साधन बनें, रिजेक्टड ट्रांजेक्शन में तुरंत करें सुधार : प्रशांत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सचिव ग्रामीण विकास विभाग के प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में मनरेगा योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने विभिन्न जिलों में मनरेगा योजनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। सचिव ने कहा कि मनरेगा योजना नहीं है बल्कि यह ग्रामीणों के रोजगार का सृजन का सशक्त माध्यम है।

इस दौरान उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को मनरेगा कार्य में पूरी तरह से निगरानी करते हुए




मनरेगा से संचालित योजनाएं धरातल पर दिखायी दें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में मनरेगा से संचालित योजनाओं को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश उप विकास आयुक्तों को दिए।

**मजदूरों के दर्द को समझे, रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में अविलंब सुधार करें :** सचिव प्रशांत कुमार ने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन की समीक्षा की एवं मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों के रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण होने वाले परेशानी को समझने एवं उनके प्रति संवेदनशील होते हुए अविलंब सुधार करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में सुधार लाने एवं मजदूरों को राहत देने की बात कही।

**जेसीबी का इस्तेमाल मनरेगा में न हो, सभी बीडीओ सुनिश्चित करें :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी डीडीसी को निर्देश दिया है कि जितने भी जेसीबी का संचालन उनके क्षेत्र में हो रहा है उनसे प्रति माह शपथ पत्र प्राप्त करें कि उनके वाहन का उपयोग मनरेगा के कार्यों में नहीं किया जा रहा है। मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा के कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल होने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई तथा जब्ती करने का भी निदेश दिया। इसमें राज्य के तमाम उप विकास आयुक्त संग संपन्न वीडियो कांफ्रेंसिंग में संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंहशामिल थे।

## ऑड्रे हाउस को अविलंब कलाकारों को निशुल्क उपलब्ध कराने की मांग पर एकत्रित हुए कलाकार

# 72 घंटे में सुनवाई नहीं हुई, तो चरणबद्ध आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कलाकार संघर्ष मोर्चा के द्वारा कलाकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को ऑड्रे हाउस के मुक्ताकाश में किया गया है। यहां पर रांची शहर के विभिन्न विधाओं से जुड़े हुए वरिष्ठ कलाकार एवं युवा कलाकार एवं महिला कलाकारों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के दीपक लोहार ने सभी कलाकारों का आपसी परिचय कराया। इसके बाद सभी कलाकारों ने अपनी बातों को रखा। सभी ने कहा कि झारखंड गठन के बाद से ही स्थानीय कलाकारों के साथ भेदभाव हो रहा है।

कलाकारों को मंच तक उपलब्ध नहीं हो रहा है। आर्यभट्ट सभागार,आड्रे हाउस, सहित कई थियेटर है, लेकिन रंगकर्मियों के लिए रेंट बहुत ज्यादा कर दिया गया है,जिस कारण से स्थानीय कलाकारों में सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध रोष है। सभी कलाकारों ने सरकार से मांग किया है कि फिलहाल ऑड्रे हाउस कलाकारों के लिए



निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये और इसके साथ ही जो सुविधाएं उपलब्ध करानी है वह भी कराने की बात कही है।

मुख्य रूप से डॉ प्रणव कुमार बब्बू, वरिष्ठ रंगकर्मी अनिकेत भरद्वाज, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक रहे संजय लाल, ,दीपक लोहार, वरिष्ठ रंगकर्मी कमल बोस, वरिष्ठ रंगकर्मी सूरज खन्ना, वरिष्ठ रंगकर्मी सुशीला अंकन, वरिष्ठ कलाकार शिशिर पंडित सहित सभी ने अपने विचारों से अवगत कराया और धन्यवाद ज्ञापन रंगकर्मी परवेज कुरैशी ने किया।

**इन कलाकारों ने लिया हिस्सा :** रंगकर्मी दीपक लोहार , डॉ सुशील कुमार अंकन, उमेश चंद्र मिश्रा , रीना सहाय ,शशि कला , राजीव थपेड़ा, सुमेधा चौधरी, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, परवेज कुरेशी, दीपक चौधरी, शंकर पाठक, नीरज कुमार , राजीव सिन्हा, जयदीप सहाय ,शिशिर पंडित, कीर्ति , शंकर वर्मा, नरेश प्रसाद ,सूरज खन्ना ,फजल इमाम, राजीव सिन्हा, मृणालिनी अखौरी, बबली कुमारी ,झरना चक्रवर्ती, निलय सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, प्राग भूषण, राकेश रमण, अभिराज कुमार, राकेश चंद्र गुप्ता, मिथलेश पाठक, अनिकेत भारद्वाज ,कैलाश मानव, विनोद कुमार जायसवाल, कृष्णा सारथी, संजय कुमार टोप्पो, उज्जवल रॉकी, बजरंग कुमार शर्मा, प्रमोद करमाली, अरुण नायक, ऋषिकेश, संजय शिवम, गणेश रंजन, देव पूजन ठाकुर, डा.कमल कुमार बोस, संदीप नाग, विनय मुर्मू, रानावि काजल मुंडू उपस्थित थे।

**मुख्य मांगें**

1. आड्रे हाउस को अविलंब कला भवन के रूप में परिवर्तित कर कलाकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए।
2. लोक उपक्रम के आर्थिक सहयोग न सभागारों को सीएसआर योजना के अंतर्गत उपलब्ध करायी जाए ।
3. इस क्षेत्र के सभी सांसदों, विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाये।

# सबका मिले साथ

जी 20 जैसे प्रभावशाली समूह की अध्यक्षता का एक साल का कार्यकाल शुरू होते ही जिस तरह से केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर इसकी सफलता के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा, वह उस लोकतांत्रिक भावना की सहज अभिव्यक्ति है जिसकी पिछले कुछ समय से कमी महसूस की जाने लगी थी। मगर सरकार की इस सामयिक पहल ने इस बात को लेकर आश्वस्त किया है कि भले चुनावी राजनीति की विवशताएं कभी-कभार देश के अंदर का राजनीतिक तापमान अप्रत्याशित रूप से बढ़ा देती हैं, लेकिन भारतीय लोकतंत्र मौका आने पर इनसे ऊपर उठने का माद्दा रखता है। प्रधानमंत्री ने बैठक में इस तथ्य को प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया कि यह किसी पार्टी या खास सरकार की बात नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए ऐसा अवसर है, जिसका उपयुक्त इस्तेमाल दुनिया में उसका मान बढ़ा सकता है। अच्छी बात यह रही कि बैठक में शामिल तमाम दलों के नेताओं ने भी अवसर के अनुरूप और इसी भावना के तहत विचार व्यक्त किए। यहां तक कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भले ही जी-20 के लोगो में कमल फूल का निशान शामिल करने के फैसले पर आपत्ति जताई, लेकिन बैठक में इस मुद्दे को उठाने से परहेज किया क्योंकि उनके मुताबिक ऐसा करने से दुनिया में भारत के बारे में संदेश अच्छा नहीं जायेगा। कहने की जरूरत नहीं कि सर्वदलीय बैठक में दिखी राजनीतिक एकजुटता भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, जो अब तक तमाम ऐसे मौकों पर नजर आती रही है। हालांकि इससे पहले भी भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन की बैठक और राष्ट्रमंडल देशों की शिखर बैठक आयोजित की है, लेकिन यह अध्यक्षता ऐसे समय मिल रही है जब दुनिया के कई देश आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध की दोहरी चुनौतियों से उपजी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में जी-20 के अध्यक्ष के तौर पर अगले एक साल में भारत दुनिया को इस नाजुक दौर से निकलने में निर्णायक मदद कर सकता है। यही नहीं, अगला एक साल खुद भारत के लिए भी अपनी विशिष्टताओं से दुनिया को परिचित कराने और पर्यटन को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन मौका है। बेशक भारत यह मौका डिजर्व करता है और वह इसका समुचित इस्तेमाल करने का सामर्थ्य भी रखता है। लेकिन ऐसा सचमुच संभव हो सके, इसके लिए सिर्फ सांकेतिक कदम काफी नहीं होंगे। जरूरी है कि सोमवार को हुई राजनीतिक बैठक में जिस तरह का जज्बा सभी पक्षों ने दिखाया, वह आगे भी उनके व्यवहार में दिखता रहे। जहां सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस मौके पर सिर्फ मौजूदा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के बजाय पिछले 75 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को समग्रता के साथ पेश किया जाए, वहीं विपक्षी दलों को भी अपनी आलोचना की तीव्रता और उसके दायरे को लेकर खास सतर्क रहना होगा।

**बेशक भारत यह मौका डिजर्व करता है और वह इसका समुचित इस्तेमाल करने का सामर्थ्य भी रखता है। लेकिन ऐसा सचमुच संभव हो सके, इसके लिए सिर्फ सांकेतिक कदम काफी नहीं होंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व बैंक की अप्रैल में छपी रिपोर्ट के अनुसार लाओस के ऊपर सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक रूप से गारंटीकृत ऋण लाओस के वर्ष 2021 में सकल घरेलू उत्पाद के 88 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया है। अगर मुद्रा में इस ऋण का आकलन करें तो यह 14.5 अरब डॉलर है, जिसमें से आधे से अधिक ऋण चीन का है, जो उसने लाओस को चीन-लाओस रेलवे परियोजना के लिए दिया है।**

# चीन के अरबों डॉलर के कर्ज-जाल में फंसा लाओस

**प्रियेश मिश्रा**

दक्षिण -पूर्वी एशियाई देश लाओस इन दिनों चीन के भारी कर्ज-जाल की गिरफ्त में है। चीन ने लंबे समय से लाओस के आधारभूत ढांचे में बड़े स्तर पर निवेश किया है, इसके साथ ही कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण स्थिति और भी अधिक बिगड़ चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने लाओस की क्रैडिट रेटिंग को घटाकर सी.ए.ए.3 पर ला पटका है। इसका मतलब है कि लाओस पर बहुत बड़ा कर्ज है और इस समय उसके पास कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं हैं। लाओस के दिवालिया होने का जोखिम बहुत ज्यादा है।

विश्व बैंक की अप्रैल में छपी रिपोर्ट के अनुसार लाओस के ऊपर सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक रूप से गारंटीकृत ऋण लाओस के वर्ष 2021 में सकल घरेलू उत्पाद के 88 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया है। अगर मुद्रा में इस ऋण का आकलन करें तो यह 14.5 अरब डॉलर है, जिसमें से आधे से अधिक ऋण चीन का है, जो उसने लाओस को चीन-लाओस रेलवे परियोजना के लिए दिया है। चीन के पास इस समय लाओस में 813 परियोजनाएं हैं, जिनकी कीमत 16 अरब डॉलर है। इसी तरह से कई दूसरी परियोजनाओं में भी चीन ने निवेश किया है और सारी परियोजनाओं को चीनी कंपनियां पूरा कर रही हैं, जिसके लिए चीनी बैंकों ने पैसे उधार दिये हैं।

**चीन अपनी बैल्ट एंड रोड परियोजना में अब तक आधारभूत ढांचे के विकास के लिए 800 अरब डॉलर खर्च कर चुका है।**

चीन अपनी बैल्ट एंड रोड परियोजना में अब तक आधारभूत ढांचे के विकास के लिए 800 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। हालांकि इसके पीछे चीन की मंशा अपने देश में तैयार उत्पादों को दूसरे देशों के बाजार में बेचना है, जिसका सीधा लाभ चीन को ही मिलेगा। इसके साथ ही चीन इस परियोजना से चीनी निर्माण कंपनियों को ठेका दिलवाकर लाभ कमा रहा है।


एक बार जो देश चीन के कर्ज-जाल में फंस जाता है, फिर उसका बाहर निकलना असंभव हो जाता है। जो देश चीन का कर्ज नहीं लौटा पाते, उनमें चीन बंदरगाह, हवाई अड्डा, खनिजों की खदानें पट्टे पर ले लेता है। जैसे यूगांडा का एंटेबी एयरपोर्ट, श्रीलंका की हम्बनटोटा बंदरगाह, जिबूती में नौसैन्य अड्डे के लिए समुद्र तट का बड़ा इलाका ले लेना। अभी हाल ही में चीन को जवाब देने और उसे इस क्षेत्र में अपना वर्चस्व बढ़ाने से रोकने के लिए सात देशों ने मिलकर आम लोगों, व्यापारियों और वित्तीय संस्थानों से पैसे लेकर आधारभूत ढांचे को बनाने की प्रतिज्ञा ली है।

एड डाटा लैब की रिपोर्ट के अनुसार, लाओस में चीन ने जितना पैसा निवेश किया है, वह 12.2 अरब डॉलर है, जो विश्व बैंक के आकलन से भी ज्यादा है। पिछले 18 वर्षों में लाओस की सरकार ने चीन से 5.57 अरब डॉलर का ऋण लिया है लेकिन यह जानकारी असल पैसों का बहुत छोटा हिस्सा है। इसके अलावा भी लाओस के ऊपर पेइचिंग का 6.69 अरब डॉलर का कर्ज बकाया है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार लाओस को वर्ष 2025 तक हर वर्ष 1.3 अरब डॉलर का विदेशी ऋण चुकाना होगा, जो संघीय मुद्रा भंडार और कुल घरेलू राजस्व के आधे के बराबर है।

विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार लाओस की अर्थव्यवस्था 3.8 फीसदी की गति से आगे बढ़ेगी, लेकिन इस गति से अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने से लाओस चीन का कर्ज कभी नहीं चुका पायेगा।

वहीं लाओस के वित्तमंत्री बाऊंचोम उबोनपेसुथ ने कहा कि पहले लिये गये कर्ज देश की प्रगति के लिए जरूरी थे, जैसे चीन-लाओस रेलवे के लिए लाओस ने 5.9 अरब डॉलर का कर्ज चीन से लिया था, जिसने चीन के कुनमिंग से लाओस की राजधानी वियनतियान को जोड़ा था, लेकिन इसमें 70 फीसदी हिस्सेदारी चीन की और 30 फीसदी लाओस की थी।

लाओस को रेलवे से जो उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हुई और न तो रेलवे वह संभावित कमाई कर रही है और न ही लाओस का कर्ज उतर रहा है बल्कि अपनी ऊंची ब्याज दरों की वजह से दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। चीन कर्ज माफ नहीं करता, वह कर्ज अदा करने की मियाद बढ़ा जरूर देता है, ताकि उसे लंबे समय तक लाभ मिलता रहे। इसे देखते हुए लगता नहीं कि लाओस जल्दी ही चीन के कर्ज-जाल से बाहर निकल पायेगा।



लाओस के वित्तमंत्री बाऊंचोम उबोनपेसुथ ने कहा कि पहले लिये गये कर्ज देश की प्रगति के लिए जरूरी थे, जैसे चीन-लाओस रेलवे के लिए लाओस ने 5.9 अरब डॉलर का कर्ज चीन से लिया था, जिसने चीन के कुनमिंग से लाओस की राजधानी वियनतियान को जोड़ा था, लेकिन इसमें 70 फीसदी हिस्सेदारी चीन की और 30 फीसदी लाओस की थी।

## जमशेदपुर की खबरें

### लोकपाल ने बहरागोड़ा की मनरेगा योजनाओं का लिया जायजा

# हर पंचायत में 5 मनरेगा योजनाएं चलाने का निर्देश

**मुखियों को मनरेगा योजनाओं के निरीक्षण की भी दी हिदायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** लोकपाल सनत कुमार महतो ने बुधवार को बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत मटिहाना पंचायत की मनरेगा परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार साहू भी उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी मुखियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों एवं मनरेगा मेटों के साथ बैठक भी की। इस दौरान सभी को मनरेगा योजना के तहत ली जानेवाली योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। दोनों पदाधिकारियों ने सबी मुखियों को मनरेगा के तहत संचालिय योजनाओं का निरीक्षण करने की हिदायत भी दी। इसी तरह उन्होंने रोजगार सेवकों को मनरेगा योजनाओं को सभी गांवों तक पहुंचाते हुए सभी मजदूरों को काम मुहैया कराने की की हिदायत भी दी। उन्होंने हर पंचायत में कम से कम पांच योजनाएं संचालित कराने को भी कहा। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मनरेगा मेट आदि भी उपस्थित रहे।

### डीसी विजया जाधव ने विकास कार्यों की समीक्षा की

# प्रखंड कर्मियों को लंबित योजनाएं शीघ्र पूरी करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरिया।** पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार को डुमरिया प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रखंड क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड के अधिकारियों ने विभिन्न विभाग में लंबित पड़ी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बैठक के दौरान प्रखंड में किशोरी समृद्धि योजना के तहत 1600 आवेदन प्राप्त होने एवं उनके द्वारा 120 आवेदन जिला कार्यालय को प्रेषित कर दिये जाने की जानकारी दी। उपायुक्त ने इस पर बाकी आवेदन भी जल्द भेजने की हिदायत दी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2388 आवेदन प्राप्त होने, जिनमें से 1827 लोगों को उसका लाभ प्राप्त हो चुकने की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने लंबित सेविका चयन का काम 26 दिसंबर तक पूरा कर लेने एवं प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों को समय पर खोलने का निर्देश दिया।

## गियर बॉक्स फटने से नाबालिग घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के शिव घाट के पास कचड़ा जलाने के दौरान बाइक का गियर बॉक्स फटने इस्लाम नगर निवासी 11 वर्षीय नाबालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को घटना के दौरान गियर बॉक्स का टुकड़ा नाबालिक के दाहिने पैर में लग कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने सूचना परिजनों को दी। तत्काल युवक को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों की टीम ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच ले जाने की सलाह दी। मौके पर युवक के बड़े भाई जिशान ने बताया वे स्थानीय सरकारी स्कूल में 7वीं कक्षा के छात्र है। वे स्कूल नहीं जाकर साथियों के साथ शिव घाट गया था। कचड़े में बाइक का गियर बॉक्स मिलने से जलाने गया अचानक तेज आवाज के साथ गियर बॉक्स फटने से घयाल होगया। फिलहाल उसकी इलाज चल रही है।

## जुगसलाई से 130 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद, 4 के खिलाफ नामजद केस दर्ज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना की पुलिस ने बुधवार को जुगसलाई पटनहिया मोहल्ले के इमामबाड़ा रोड स्थित एक मकान में छापेमारी कर वहां से 130 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। हालांकि पुलिस मांस का कारोबार करनेवाले किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने इस मामले में एसआइ आशीष प्रसाद के बयान पर राजा कुरैशी, माशूक कुरैशी, पप्पू कुरैशी एवं टिंकू उर्फ वसीम कुरैशी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। जुगसलाई थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें रात को मकान से प्रतिबंधित मांस की बिक्री किये जाने की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी की गयी।

## मुसाबनी की बीडीओ ने समीक्षा बैठक की पंचायत सचिवों को दिये जरूरी निर्देश

**मुसाबनी (आजाद सिपाही)।** मुसाबनी की प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बुधवार को क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान सबी पंचायत सचिवों को 15वें वित्त आयोग के तहत क्षेत्र के विकास के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने सभी पंचायत सचिवों को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अभिसरण वाली क्षेत्र की मनरेगा योजनाओं का जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश भी दिया। बैठक में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## राहुल अग्रवाल आत्महत्या मामले में व्यापारी प्रदीप चुड़ीवाला और उनके परिवार को मिली जमानत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित ओम टावर के सातवें मंजिल से कूद कर आत्महत्या करने वाले राउरकेला के व्यापारी राहुल अग्रवाल को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने समेत तमाम मामलों में झारखंड हाइकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। इस मामले में आरोपी राहुल अग्रवाल की पत्नी वर्षा अग्रवाल उर्फ वर्षा चुड़ीवाला उर्फ बर्षा अग्रवाल, कुसुम चुड़ीवाला उर्फ कुसुम चुरिवाला और मेघा अग्रवाल उर्फ मेघा चुड़ीवाला, प्रदीप चुड़ीवाला और पियुष चुड़ीवाला को भी जमानत मिल गयी। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने प्रदीप चुड़ीवाला और पियुष चुड़ीवाला को अग्रिम जमानत दे दी, जबकि वर्षा, कुसुम, मेघा को जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत से अग्रिम जमानत मिली। दोनों को अलग-अलग तिथियों में हुई सुनवाई के दौरान जमानत दी गयी। इस दौरान उनकी ओर से अधिवक्ता आरएस मजुमदार ने बहस की। राहुल अग्रवाल के भाई अंकित अग्रवाल के बयान पर बिष्टुपुर थाना में एफआइआर दायर किया गया था। अंकित के बयान पर दायर मुकदमा में ससुर प्रदीप चुड़ीवाला, सास कुसुम चुड़ीवाला, साला पीयूष चुड़ीवाला, साली मेघा चूड़ीवाला और पत्नी वर्षा अग्रवाल के साथ-साथ सोनारी थाना के दारोगा बालमुकुंद प्रसाद को आरोपी बनाया गया था। बता दें कि वर्ष 2012 में राहुल अग्रवाल की शादी हुई थी. उसके दो बच्चे भी है। शादी के बाद से प्रदीप चूड़ीवाला की बेटी वर्षा अग्रवाल उसके साथ रहते हुए अलग हो गयी थी। बाद में फरवरी माह में पिता के साथ वर्षा अग्रवाल चली गयी और उसके खिलाफ सोनारी थाना में दहेज प्रताड़ना का एफआइआर दायर कर दिया।

# पुलिस कर्मी बन लोगों से ठगी करने वाले ईरानी गैंग का सरगना समेत तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. देश के कई राज्यों में पुलिस कर्मी बन लोगों से गहनों की ठगी करने वाले ईरानी गैंग के मुख्य सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में मुख्य सरगना मध्यप्रदेश के भोपाल के निषाढपूरा निवासी सादिक हुसैन, तकबीर खान और महाराष्ट्र के पुणे के शिवाजीनगर थाना क्षेत्र निवासी कासिम बेग शामिल है। पुलिस ने आरोपियों को निशानदेही में ठगी कई गहने बरामद किये है। पूछताछ में आरोपियों ने बीते सालों में विभिन्न कांडों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है, जिसमे मानगो में 7, कदमा में 3, सोनारी में 1 और साकची में 2 मामले दर्ज है।

**कोलकाता में घटना को अंजाम देकर पहुंचे थे शहर :** जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि ईरानी गैंग में कुल 15 से 20 सदस्य शामिल है। यह गैंग देश के विभिन्न राज्यों के शहरों में घूम घूम कर लोगों से खुद को पुलिस कर्मी बता कर उनसे गहनों की ठगी कर लेते थे। यह गैंग भाड़े की गाड़ी में घूम कर घटना को अंजाम देते है और फिर दूसरे शहर में चले जाते है। बीते दिनों इस गैंग ने कोलकाता के खिदिरपुर में भी घटना को अंजाम दिया। वहां से पुरुलिया पहुंचे और फिर मंगलवार सुबह पुरुलिया से शहर पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस को मिल चुकी थी, जिसके बाद ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान मानगो, आजादनगर, उलीडीह और एमजीएम थाना के पुलिसकर्मी ने मिल कर नाकेबंदी की और तीनो को चेपापुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से कुछ पत्थर के टुकड़े भी बरामद किए गये है, जिसे ये लोग कीमती पत्थर बताकर लोगों को बेचते थे।

**अय्याशी के लिए करते थे लोगों से ठगी :** एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि ये लोग ठगी करने के बाद गहनों को बेचने के लिए अलग से गैंग का संचालन करते थे। इस गैंग का काम ठगी के गहनों को बेचने का होता था। पैसे आने पर उसे बराबर बांटते थे। इस पैसे से महंगे मोबाइल, कपड़े और जूते खरीदकर अय्याशी करते थे। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चक्रधरपुर रेल मंडल के पांच स्टेशनों में पूछताछ केंद्र को निजी हाथों में देने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के पांच स्टेशनों में पूछताछ केंद्र को निजी हाथों में देने की तैयारी है। मिली जानकारी के अनुसार किसके लिए जल्द टेंडर निकाला जायेगा। चक्रधरपुर रेल मंडल में टाटानगर रेलवे स्टेशन, चक्रधरपुर, राजगांगपुर, राउरकेला और झारसुगड़ा रेलवे स्टेशन का पूछताछ केंद्र शामिल है। बताया जा रहा है पूछताछ केंद्र के लिए विभागीय स्तर पर ऑन लाइन टेंडर का अंतिम तिथि 16 दिसंबर तक रहेगा। दो साल के लिए टेंडर का मान्य रहेगा। जिसमे 1.13 करोड़ 54 हजार रुपये की लागत है। टेंडर फार्म भरने का समय 16 दिसंबर को दिन के 3.30 बजे तक दिया जाएगा। चक्रधरपुर रेल मंडल के पांच स्टेशनों के पूछताछ केंद्र नाम ठीक सामने बोर्ड में लगा रहेगा। साथ ही सभी रेल मंडल में सेंट्रल पूछताछ ऑफिस भी खोला जायेगा। हालाकि पूर्व में भी रेलवे के पास सुविधा थी। वर्तमान में कोचमैन एवं ट्रेन टीटीइ से ही पूछताछ का काम टाटानगर रेलवे स्टेशन पर लिया जाता है। रेलवे की ओर से पूछताछ का काम कई दशकों से ट्रेन टीटीइ से ही चलते आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ केंद्र निजी हाथों में जाने से रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से वैसे लोगों को भी ट्रेनिंग दी जायेगी। जानकारी के अनुसार टाटानगर रेलवे स्टेशन, राउरकेला, झारसुगड़ा में 6-6 कर्मचारी, चक्रधरपुर और राजगांगपुर स्टेशन में 3-3 कर्मचारियों को नजी तौर तैयार किया जायेगा।

# ट्राइसाइकिल प्रदान की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गया/रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के करीं गांव निवासी दिव्यांग नथुनी यादव पिता स्व. बंधु यादव को प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा के अनुशंसा पर रंका बीडीओ देवानंद राम के द्वारा ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। लाभुक नथुनी यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रमुख हेमंत लकड़ा को कोटि-कोटि बधाई दी है। बताते चलें कि इन दिनों प्रमुख हेमंत लकड़ा के द्वारा दिव्यांग जनों को खोज खोज कर ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे दिव्यांग लोगों में आशा की किरण जगी है और इस बात की चर्चा आम जनों में हो रही है। इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टेंपू को थाना में जब्त कर लिया गया

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल से एक टेंपु कबाड़ा की चोरी कर बेचते डॉक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है कबाड़ी लदी टेंपू को थाना में जब्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रेफरल अस्पताल में भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। तोड़े गए पुराने भवन से छड़ आदि कबाड़ा को जमा किया गया था।उक्त कबाड़ी को अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी राम आशीष चौधरी द्वारा चोरी छुपे बिक्री की जा रही थी। जैसे ही कबाड़ी लदी टेंपू भंडरिया इंदिरा चौक में पहुंची ग्रामीणों ने घेर लिया। इसकी सूचना भंडरिया थाना को दी । उक्त टेंपू में बिजली विभाग की इंगल लोहा भी लदी थी। बिजली विभाग के कर्मियों ने भी उक्त डॉक्टर पर कार्रवाई करने की बात कही है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने कहा कि अस्पताल के तोड़े गये भवन से पांच लाख रुपये का कबाड़ी जमा किया गया था। सभी काबाड़ा को चोरी-छिपे अस्पताल के डॉक्टर द्वारा बिक्री कर दिया गया है। कबाड़ी लदे टेंपू को थाना में जब्त कर लिया गया है।

# विकास दुबे सहित तीन भेजे गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार जिले के कांडी थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी विकास दुबे सहित तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। पुलिस ने शहर के टंडवा मोहल्ला से मंगलवार को विकास दूबे सहित डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। बुधवार को गढ़वा पुलिस ने विकास दूबे, गोलू दूबे व सूर्या केशरी को जेल भेज दिया है। समाचार के अनुसार शहर के ऊंचरी मुहल्ला निवासी प्रमोद कुमार ने धमकी देने और रंगदारी मांगने का आवेदन गढ़वा थाना में दिया था। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुये उक्त कार्रवाई की गई है। हालांकि पुलिस उक्त मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। जानकारी देते हुये इंस्पेक्टर सह गढ़वा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि विकास दूबे सहित तीन लोगों को जेल भेजा गया है। जबकि अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### चार साल पूर्व धूमधाम से श्री वंशीधर महोत्सव मनाया गया था

# लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी उक्त कार्यक्रम को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं

प्रशांत सहाय

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर को विकसित करने की योजना हुई हवा हवाई। बीते चार साल पूर्व बड़े ही धूमधाम से श्री वंशीधर महोत्सव मनाया गया था। इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी उक्त कार्यक्रम को लेकर कोई सुगबुगाहट भी नहीं है। बड़ी बड़ी बातें धरी की धरी रह गयी। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध मंदिर जहां सोने से निर्मित भगवान श्री कृष्ण की अनुपम प्रतीमा स्थापित है, जो झारखंड ही नहीं पूरे देश की धरोहर है। इस क्षेत्र को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2018 में बंशीधर नगर में बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन करने आयी थी। उन्होने कहा था यह जिला भगवान का पसंदीदा क्षेत्र है, साथ ही यहां की धरती पर्यटन से भरपूर है। यदि इस क्षेत्र का समुचित विकास किया जाये तो यह राज्य का नंबर वन क्षेत्र बन जायेगा। इनके अलावा वे तमाम नेता मंत्री जो भी बंशीधर दर्शन करने के लिये आते हैं वह भी इस क्षेत्र को विकसित करने की बात कहते हैं। किंतु यहां से प्रस्थान करते ही शायद भूल जाते हैं। आम अवाम की सीएम हेमंत सोरेन से निवेदन करती है कि गुरुवार को गढ़वा में होने वाले समारोह में बंशीधर महोत्सव कराने को लेकर घोषणा कर दे।

## ओबैदुल्लाह बने गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** इंजिनीयर ओबैदुल्लाह हक अंसारी को गढ़वा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ओबैदुल्लाह को अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने पर कई कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बुधवार को उनके पैतृक प्रखंड धुरकी एवं सगमा में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। ज्ञात हो कि कांग्रेस आलाकमान ने एक दिन पूर्व राज्य के सभी जिला अध्यक्षों की सूची जारी किया था। उसमें जिला अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी को बनाया गया था। जबकि अगले दिन सूची को संशोधित करते हुए ओबैदुल्लाह हक अंसारी को गढ़वा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। आलाकमान के इस फैसले से कांग्रेस के एक खेमे में काफी नाराजगी है। जिले के धुरकी निवासी ओबेदुल्ला हक अंसारी ने 2010 से राजनीतिक सफर की शुरूआत एनएसयूआई से की थी। उसके बाद भवनाथपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद सहित गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता के साथ-साथ प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर रहे। वे वर्तमान में अल्पसंख्यक कांग्रेस गढ़वा के जिला अध्यक्ष के साथ साथ 20 सूत्री समिति धुरकी प्रखंड के अध्यक्ष के पद पर आसीन हैं।

### मुख्यमंत्री जनता को आज करेंगे खतियानी जोहार

# ऐतिहासिक होगी गढ़वा की खतियानी जोहार यात्रा: मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा ऐतिहासिक होगी। इस यात्रा के माध्यम से आम जनों को झारखंड सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता को खतियानी जोहार करेंगे। जबकि जनता झारखंड सरकार द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यों के लिए उन्हें आभार व्यक्त करेगी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उक्त बातें कही। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से लगातार गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड की तस्वीर बदल रही है। पूरे राज्य की जनता काफी उत्साहित है। इसी को लेकर आठ दिसंबर को गढ़वा से ही खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री कर रहे हैं। इस मौके पर जिला के कोने कोने से काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। आम लोगों के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने एवं मुख्यमंत्री द्वारा सभी को खतियान जोहार करने के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के बाद से अब तक राज्य व राज्य की जनता के लिए किसी भी सरकार ने कोई भी बेहतर कार्य नहीं किया। पूर्व की सरकारें सिर्फ जनता को छलने का काम करती रहीं। वे सिर्फ किसी भी तरह से जनता को बेवकूफ बनाकर अपना शासन करते रहे। परंतु हेमंत सरकार ने जो कर दिखाया झारखंड के लिए इतिहास बन गया है। जनता ने जो कहा सो भी और जो नहीं कहा वह भी जनहित के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। काफी कम समय में इतने सारे कार्य अपने आप में इतिहास है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह झारखंडी जनमानस की सरकार झारखंड एवं झारखंड वासियों के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आज तक जो काम किसी ने नहीं कर सका, वह काम हेमंत सरकार कर रही है। इससे पूरे राज्य की जनता में उल्लास है। लोग इन कार्यों के लिए सरकार का आभार व्यक्त करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह जोहार यात्रा झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं श्रम मंत्री सत्यनारायण भोक्ता सहित कई अन्य नेता भी शामिल होंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने संपूर्ण गढ़वा जिला वासियों से इस जोहार यात्रा में भाग लेने की अपील किया है।

## नीलांबर, पीतांबर की आदमकद प्रतिमा का मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन

खतियानी जोहार यात्रा के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन टाउन हॉल परिसर में नीलांबर, पीतांबर की प्रतिमा आदम कद प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन करेंगे। महान स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर के नाम पर निर्मित बहुद्देशीय नगर भवन (टाउन हॉल) परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर के नाम पर यहां सिर्फ राजनीति ही होती रही है। आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने जिले भर में कहीं भी उनकी पहचान के लिए कोई प्रतिमा भी स्थापित नहीं की। परंतु झामुमो आम जनता के साथ महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान का भी कार्य कर रही है। टाउन हॉल के शिलान्यास के दौरान भी लोग राजनीति करने से बाज नहीं आये। परंतु अब जिस तरह से कार्य किया जा रहा है विरोधियों की मुंह पर ताले लग गये हैं।

## 12 बजे होगा मुख्यमंत्री का आगमन

गढ़वा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गढ़वा में 12 बजे आगमन होगा। वे 12 हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां से रंका मोड़ स्थित घंटाघर इंदिरा गांधी पार्क में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद सहीजना मोड़ पर देशरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। रास्ते में कई जगह स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात साढ़े बारह बजे गोविंद विद्यालय के मैदान में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

## विशेष रूट चार्ट तैयार किया गया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड सरकार का दिनांक 08-12-2022 को गढ़वा आगमन के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम के द्वारा पत्र निर्गत करते हुए आम लोगों को सूचित किया गया है, कि कार्यक्रम समाप्ति तक गढ़वा शहर में छोटी बड़ी वाहनों का शहर में प्रवेश पर रोक रहेगी। तथा आमजनों के सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए विशेष रूट चार्ट तैयार किया गया है। दिनांक 08-12-2022 को ट्रैफिक व्यवस्था के तहत नगर उंटारी, रमना एवं मेराल से आने वाली वाहनों को अरंगी मोड़ होते हुए अटौला मोड़-संग्रहेकला होते हुए बेलचम्पा मोड़ से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी। रंका, रमकंडा से आने वाले वाहनों को जवाहर नवोदय विद्यालय, गढ़वा रोड से तिलदाग चौक होते हुए अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी। शाहपुर, पलामू से आने वाले वाहनों को तिलदाग चौक से बेलचंपा मोड़ होते हुए अटौला मोड़ होकर मेराल की ओर प्रस्थान करेगी। रेहला की तरफ से आने वाली वाहन बेलचंपा मोड़ से संग्रहे प्रतापपुर होते हुए मंझिआंव एवं मेराल की तरफ तथा तिलदाग होते हुए रंका की तरफ प्रस्थान करेगी।

# उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित कांडी बाजार की 4 एकड़ 84 डिसमिल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार के नेतृत्व में उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से जानकारी दी गई है कि कांडी 16 पमचायतों का मुख्य बाजार है, जहां पूरे प्रखंड के लोग भारी संख्या में शुक्रवार के दिन सप्ताहिक बाजार मैं आते है वहीं राजद के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान ने बताया कि उक्त बाजार की सरकारी जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा झुग्गी झोपड़ी गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। उक्त बाजार में पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खाता 334, प्लॉट संख्या 337, 346, 365 व अन्य, रकवा 4 एकड़ 84 डिसमिल से अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार अधिकारी पदाधिकारियों से गुहार लगाई गई, परंतु आज तक की स्थिति यथावत बनी हुई है। यह स्थिति यह है कि शुक्रवार सप्ताहिक बाजार के दिन स्थानीय लोगों को अपनी वस्तु को क्रय विक्रय करने के लिए मजबूरन सड़क के किनारे बैठना पड़ता है। जिससे कि राहगीरों को आने-जाने मैं भी भारी कठिनाइयों की सामना करनी पड़ रही है। जिला प्रशासन को इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराने को लेकर राजा के जिला अध्यक्ष वह प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा लिखित आवेदन उपायुक्त को दिया गया है। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी पंकज चौबे युवा प्रदेश महासचिव मुनेश्वर सिंह समाजसेवी नुरुल मियां सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**दो साल से लकवाग्रस्त युवक की मौत, सरकार से सहयोग की मांग: रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के मानपुर पंचायत अंतर्गत पुरेगाड़ा गांव निवासी श्याम सुंदर ठाकुर के 32 वर्षीय पुत्र सूरज ठाकुर की मृत्यु हो गई। वह दो साल से लकवाग्रस्त थे। वे पत्नी दो बेटियां और एक बेटा को छोड़ गये हैं। वह बहुत गरीब परिवार के व्यक्ति थे। सरकार से परिजनों ने सहयोग प्रदान करने की मांग की है।

# कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया

- विद्यालय के 12 छात्र छात्राओं को कोवैक्सीन का पहला डोज और 8 छात्र छात्राओं को दूसरा दोज का टीकाकरण कराया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र एवं आइसैप के बैनर तले बुधवार को कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 12 छात्र छात्राओं को कोवैक्सीन का पहला डोज और 8 छात्र छात्राओं को दूसरा दोज का टीकाकरण कराया गया। इस अवसर पर रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहम्मद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृत्तीबास महतो, आइसैप ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, विलेज एंबेस्डर मुकेश कुमार पांडेय, समाजसेवी स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, एएनएम कंचन कुमारी एवं बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव और प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद साहू का अभिनंदन किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद साहू के गढ़वा आगमन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता एवं नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप सहित कई भाजपा नेताओं ने रंका मोड़ पर फूल माला से अभिनंदन एवं स्वागत किया। स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजीव तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी बजेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष हरेंद्र द्विवेदी, नगर मंडल महामंत्री जसवंत मिश्रा, पंकज दुबे, राजकुमार गुप्ता, अनवर शाह, विनय कुमार चंद्रवंशी, महामंत्री रविंद्र जयसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुप्रीत केसरी, संजय केसरी, रवि गुप्ता, मनोज गुप्ता, कैलाश कश्यप, आशीष कश्यप, गौरी बिंद आदि लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।

## आरोपी को किया गिरफ्तार

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव के सेतो टोला निवासी जित्येंद्र मुसहर की पत्नी बबीता देवी ने सेतो गांव निवासी स्वर्गीय रामदेव बैठा के पुत्र उपेंद्र बैठा के ऊपर कई संगीन मामले को लेकर मंगलवार को कांडी थाना में लिखित आवेदन देकर उपेंद्र बैठा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी, उन्होंने लिखित आवेदन में उपेंद्र बैठा द्वारा उन्हें डरा धमका कर महीनों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करता रहा महिला किसी प्रकार उसके चंगुल से छूट कर घर वापस आयी। इस संबंध में पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम के नेतृत्व में एक पंचायती का आयोजन किया गया था, जहां भरी सभा में दुष्कर्मी को उठक-बैठक कराते हुए 10 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया गया था, लेकिन दुष्कर्मी के द्वारा जुर्माना नहीं दिया गया। जिसको लेकर पीड़िता ने कांडीथाना को लिखित आवेदन दी थी। जिसके आलोक में पुलिस अवर निरीक्षक राजीव रंजन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कांडी थाना कांड संख्या 115/22 दिनांक 6/12/22 धारा 366/376(2)(ल्ल)/506 आइपीसी के प्रथिमिकी अभियुक्त उपेंद्र बैठा को अनुसंधानकर्ता एसआइ सुधीर दास के द्वारा बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा भेजा गया।

**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची (झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
कॉर्पोरेट पहचान सं० –U51228JH2010SGC014519,
TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केंद्र के समीप, काँके रोड, राँची – 834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांकः– A/c-437/2022-23/20 राँची, दिनांकः–07 / 12 / 2022

**आई0टी0 सेवा की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी विनिर्माणशाला, संचयनकर्त्ता के गोदामों (वेयरहाउस) इत्यादि में मदिरा के विनिर्माण, आपूर्ति, भंडारण व बिक्री का पर्यवेक्षण करने के निमित्त Supply and Installation of Centralized Video Monitoring System (CVMS) of Cameras, Server and its accessories under Jharkhand Excise Project संबंधी सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर की आपूर्ति व अधिष्ठापन के निमित्त निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रक्रिया संबंधी तिथि की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु पोर्टल (jharkhandtenders.gov.in) पर आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि | 09.12.2022 |
| 2. | Pre-bid आहूत करने की तिथि | 14.12.2022 |
| 3. | सभी कागजातों के साथ विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 26.12.2022, 04:00 PM तक |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की भौतिक प्रति JSBCL मुख्यालय में समर्पित करने की अंतिम तिथि | 27.12.2022, 04:00 PM तक |
| 5 | प्राप्त आवेदनों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि | 28.12.2022 से 30.12.2022 तक |

2. उक्त निविदा के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तें, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं निविदा की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन jharkhandtenders.gov.in, Jharkhand.gov.in/excise एवं jsbcl.in पर किया जा सकता है।

ह0/–
प्रबंध निदेशक,
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0,राँची

PR284495 (Excise)22-23*D

**कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2022**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में **जनवरी 2023** से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा प्राचार्या इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। ये निविदा दिनांक **19.12.2022 को 01.00** बजे अपराहन् तक प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त निविदा दिनांक **19.12.2022** को **03.00** बजे अपराहन में उपस्थित निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में सभी सामग्रियों का दर विद्यालय प्रागंण तक परिवहन व्यय सहित होगा। क्रय की जाने वाली सामानों की कोटि निम्नांकित है :–

| क्रम सं0 | सामग्रियों का नाम | सत्र |
|---|---|---|
| 1 | खाद्यान्न सामग्री | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 2 | पावरोटी | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 3 | सब्जी एवं फल | जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक के लिए |
| 4 | चिकेन एवं अण्डा | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 5 | लेखन, विद्युत, सफाई एवं जल–कल व्यवस्था संबंधी सामग्री | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 6 | जलावन कोयला | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 7 | पोषाक धुलाई | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 8 | विद्यालय पाकशाला में लगाए गए गैस चुल्हा, गैस पाईप लाईन इत्यादि का मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव। | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची, ठेके की शर्त, अग्रधन राशि इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरण बिल ऑफ क्वांटिटी में अंकित रहेगी। बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 12.12.2022 से 17.12.2022 तक कार्यालय खुला रहने के दिन ई–चालान के माध्यम से 50/–रू0 प्रत्येक सामग्री के लिए जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में जमा करते हुए हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

राशि **E-GRAS** में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –
1- 58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT ( SECONDARY EDUCATION DIVISION)
2- MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
3. सामान्य– 020201600010101
4- Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
5- RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

PR 284445 (School Education and Literacy) 22-23 (D)

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

## विकास कार्य : तोरपा विधायक ने कोचा और मनहातू में किया जलापूर्ति योजना के लिए भूमि पूजन

# सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें, उसका लाभ उठायें : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के कोचा और मनहातू गांव में ग्रामीण जलापूर्ति की दो योजनाओं के लिए भूमि पूजन किया। इसके पूर्व विधायक ने दोनों योजनाओं के स्थल का निरीक्षण भी किया। कोचा में बनने वाली तपकारा जलापूर्ति योजना के निर्माण में 14 करोड़ चार लाख रुपये और मनहातू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण में 21 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत आयेगी। योजनाओं के शिलान्यास के बाद अपने पैतृक आवास में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से पहले ही वादा किया है कि हर घर को नल-जल योजना से जोड़ा जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति की ये दो योजनाएं इसी का हिस्सा है। है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ उठाएं।



जलापूर्ति योजना के लिए भूमि पूजन करते विधायक कोचे मुंडा और अन्य।

### दिसंबर 2024 में पूरी होंगी योजनाएं : कनीय अभियंता

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता रावेल होरो ने बताया कि दोनों योजनाएं दिसंबर 2024 तक पूरी हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि मनहातू जलापूर्ति की 1.6 एमएलडी क्षमता वाली जल शोध संस्थान के तहत डोड़मा में 2.40 हजार लीटर और होटोर में 1.80 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा। इस योजना से डोड़मा, दियांकेल पंचाय के अलावा सुंदारी पंचायत के कुछ भाग सहित 24 गांवों को आच्छादित किया जायेगा और 2695 घरों में नल से जलापूर्ति की जायेगी। कनीय अभियंता ने बताया कि तपकारा ग्रामीण जलापूर्ति योंजना के 1.40 एमएलडी जल शोध संस्थान के तहत कमड़ा में 61 हजार लीटर और कोचा में 50 हजार लीटर क्षमता वाली दो टंकियों का निर्माण कराया जाएगा। साथ तपकार की 2.50 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी की मरम्मत कर वहां से दो लाख लीटर का भंडारण किया जाएगा। इस योजना से छह गांवों को आच्छादित किया जायेगा और 2438 घरों में नल से जलापूर्ति की जाएगी। भूमि पूजन के मौके पर सांसद प्रतिनिधि नाराण साहू, भाजपा तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिह, रनिया मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, विनोद भगत, महावीर साहू, विनय गुप्ता, भागीरथ राय, नीलांबर सिंह, शिव कुमार केसरी आदि उपस्थित थे।

## खदान विस्तारीकरण और अन्य समस्याओं को लेकर रैयर, प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन की त्रिपक्षीय बैठक





**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** जमीन की समस्या से जूझ रही अशोका परियोजना के खदान विस्तारीकरण एवं रैयतों की समस्याओं पर चर्चा के लिए पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में बुधवार को बिजैन के ग्रामीण रैयतों, सीसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक आलोक मनीष सोय ने किया। बैठक में परियोजना विस्तारीकरण में आ रही जमीन संबंधित समस्याओं पर बिजैन के ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गई। इस पर ग्रामीणों द्वारा जमीन के बदले नौकरी मुआवजा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की तरफ प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बैठक में महाप्रबंधक के अलावा टंडवा अंचलाधिकारी विनय कुमार दास, अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, स्टाफ आफिसर (पी एंड पी) डीके शर्मा, संदीप चौधरी विभागाध्यक्ष (भूमि एवं राजस्व), शिशिर गर्ग कार्मिक प्रबंधक अशोका परियोजना, रवि बाड़ा, सच्चिदानंद सिंह, सेल्सियस केरकेट्टा, ग्रामीणों की ओर से रंथू गंझु, मखज गंझु, तुफान गंझु, सोनू गुप्ता, शत्रुघ्न मुंडा, पच्चू गंझु, फकीरा गंझु, देवाली गंझु, राजकुमार गंझु और मनी गंझु आदि उपस्थित थे।

## ठंड को लेकर प्रशासन उदासीन, चौक-चौराहों पर नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/सिल्ली।** पूरे अनुमंडल क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दे दी है, लेकिन प्रशासन उदासीव बनी हुई है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहा में ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार बुंडू का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया है। सुबह और शाम को ज्यादा ठंड लगने लगी है। इधर बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में भी चौक-चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है। नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश उरांव ने कहा कि जल्द ही अलाव की व्यवस्था पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों ने भी ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के चौक-चौराहों में सुबह और शाम अलाव जलाने की मांग की है।

### मुरी-सिल्ली में भी नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

मूरी-सिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। लोग रात आठ बजे के पहले से ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। चौक-चौराहा पर सन्नाटा छा जाता है। कड़ाके की ठंड क्षेत्र में शुरू होते ही राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होने लगी है। मुरी स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए ठंड के कारण लोगों को सोचना पड़ता है। क्षेत्रों में शाम होते ही ठंड का कहर धीरे-धीरे बढ़ते जाता है पर अभी तक सरकार की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है।

### बढ़ती ठंड में गरीबों का सहारा बने 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवान

विदित हो कि 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से नागरिक कल्याण कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए एसएसबी कंपनी उलिहातु व हुटं में बुधवार को 200 से भी ज्यादा गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी व चप्पलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि एसडी शेरखाने, सिद्धार्थ आर, जगन्नाथ उरांव, रवि शंकर, नरेंद कुमार सुखराम, मुंडा भगवान, राजेश पूर्ति, सोमा मुंडा और गांव से आए लाभार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत लोकनृत्य से की गई। जिसकी प्रस्तुति तेजस्वनी क्लब उलिहातु के सदस्य ने दी। एसडी शेरखाने (कमांडेंट) ने बताया कि एसएसबी इस क्षेत्र के ग्रामीणों के हर सुख दुख में उनके साथ खड़ी है। इसका निर्माण 1962 में चीनी आक्रमण करने के पश्चात किया गया। तभी से एसएसबी ग्रामीणों के बीच मिलजुल कर काम आ रहा हैं। विकसित भारत बनाने के लिए हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी नागरिक पीछे ना छूटे। इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एसएसबी 26वीं वाहिनी लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते आ रहा है। आने वाले कुछ दिनों में वाहिनी की विभिन्न समवायों में भी इसी प्रकार सामग्री वितरित की जाएगी। कुछ प्रशिक्षण भी चलाए जाएंगे एवं दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर दर्पण सेवा संस्था के संस्थापक सह सचिव मंतोष कुमार, राजेश कुमार सिन्हा एवं कंपनी के जवान उपस्थित थे।

## जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज ने पथ निर्माण विभाग को सौंपे सड़क निर्माण के दस्तावेद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत चिर प्रतिच्छित अड़की बिरबांकी सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वन क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिल जाने के बाद भी यह मामला खूंटी वन विभाग में अटका हुआ था। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमूार ने बुधवार को वन विभाग से सभी जरूरी कागजात लेकर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मणिभूषण तिवारी को सौंप दिया। इससे सड़क निर्माण में आनेवाली अड़कन खत्म हो गयी और बहुत जल्द सड़क निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि दिल्ली जाकर विगत 22 नवंबर को झारखंड सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह कार्यकारी निदेशक को इस संबंध में जरूरी निर्देश दिलाया गया था। इसके बावजूद राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण सड़क के जल्द निमर्ज्ञण के प्रति उदासीन रवैया अपनाती रही है। यही कारण है कि एनओसी और जरूरी निदेर्या पथ निर्माण विभाग को नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा।



## किशोरियों को दिया गया आय सृजन का प्रशिक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तेजस्विनी परियोजना, मुरहू के तेस्विनी क्लब से जुडी किशोरियो और युवतियों को स्वरोजगार की दिशा में बढ़ावा देने के लिए उनको आय सृजन की गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किशोरियों को दोना, पत्तल, ठोंगा, झूमर, गुलदस्ता, चटाई, अचार, कपडा सिलाई आदि का प्रशिक्षण युवा उत्प्रेरक और क्लस्टर कोडिनेटर द्वारा दिया जा रहा है। बुधवार को तेजस्विनी क्लब सरवादा, कुदा, पेलोल और कोड़ाकेल की किशोरियों एव युवतियों को दोना, पत्तल, पिलो, झुमर, गुलदस्ता बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं से सामग्री बनाएं और समीप के बाजारों में बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाएं। साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को तेजस्विनी क्लब से जोड कर अधिक से अधिक सामग्री बनाएं और अधिक आय प्राप्त करें।

## मृत बिजली मिस्त्री के आश्रितों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग, थाना पहुंचे ग्रामीण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड की हुसीर पंचायत के तिरला पुटकल टोली गांव में मंगलवार को बिजली मरम्मत करने के दौरान मिस्त्री दानियल गुड़िया की मौत को लेकर बड़ी संख्या में लोग बुधवार को तपाकरा थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दानियल गुड़िया व सोहराई भेंगरा सुंदारी स्थित पावर हाउस से शट डाउन लेने के बाद पोल पर चढ़े थे। एक तार जोड़ने के बाद दूसरा तार जोड़ने के दौरान बिजली चालू कर दी गई। तार में करंट प्रवाहित होते ही दानियल तेज झटके के साथ तार पर लटक गये और मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी सोहराई भेंगरा ने बताया कि शट डाउन लेने के बाद भी लाइन चालू करने की वजह से दानियल की मौत हुई। बुधवार को तोरपा प्रमुख रोहित सुरीन के नेतृत्व में हुसीर पंचायत के ग्रामिण बड़ी संख्या में तोरपा थाना पहुंच कर बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की और थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया। उसमें बताया गया कि दानियल 2008 से विभाग के लिए काम कर रहा था। वह आसपास के गांव के कुछ युवक के सहयोग से हुसीर और जरिया पंचायत के कई गांवों में वह विभाग द्वारा सौंपे गये कार्य करता था। गांव वालों द्वारा विभाग में समस्या बताने पर अधिकारी भी दानियल से ठीक कराने की बात कहते थे, लेकिन उसकी मौत के बाद विभाग उसे अपना कर्मी नहीं मान रहा है। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित को नौकरी व मुआवजा की मांग की।



## सनातन धर्म के प्रति रुचि होना समाज के लिए शुभ संकेत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी स्थित अंबेडकर मुहल्ला में अर्धनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर का पुननिर्माण कार्य शुरू हो गया। भगवान सत्यनारायण कथा और संध्या में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही 51 दीपों का भव्य महाआरती भी हुआ। धर्मसभा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी केदार महतो, समाजसेवी तपेश्वर केसरी शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि आज हर ओर सनातन धर्म का ही शोषण हो रहा है। युवाओं और छोटे-छोटे बच्चों का अपने सनातन धर्म के प्रति रूचि होना समाज के लिए शुभ संकेत है। धर्म ही हमें हिंसा, पाप और निर्धन होने से बचाता है इस लिए जहां धर्म का वास होता है वहां संसार की हर सुविधा अपने आप आ जाती है। धर्म हमें संस्कारी होना भी सिखाता है इसलिए सनातन समाज के हर लोग कुछ समय के लिए सुबह और शाम में मंदिर जरूर जाएं और सुबह और शाम देवी-देवता व कुलदेवी को दीप जरूर दिखाएं। इससे पूर्व मंदिर के गुंबद का निर्माण कार्य आरंभ करने लिए मंदिर परिसर में पंडित सचिन पाठक द्वारा विधिविधान पूजा पाठ कराया गया जिसमें अरुण प्रमाणिक, लक्ष्मण नायक और परमानंद चौधरी सहपत्नीक शामिल हुए। इसके अलावा बहन शांता देवी और मीना देवी ने भी भाग लिया। कार्यकम को सफल बनाने में कमलेश कुमार केसरी, छेदी राम, जगदेव राम, अरुण प्रमाणिक, रवि केसरी, संजय राम, राजेश नायक, परमानंद चौधरी, रोहित चौधरी, लक्ष्मण नायक, तेजन राम, गोबरधन राम, अनिल राम, संतोष राम शिवनंदन राम, सोहन नायक, रघुनंदन राम, रामप्रवेश राम, सोनू राम, नितेश राम, विकास राम, शिवा राम, सचिन नायक, भुनूं महली, भोला केसरी, काली महली, संजय केसरी, मनोज महली, रोहित महली, राहुल चौधरी की भूमिका सक्रिय रही।

## ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस को करेंगे और मजबूत : राकेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** कांग्रेस के नव मनोनीत नगर अध्यक्ष महानगर कुमार राजा और रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश किरण महतो को जिला महासचिव रौशन महतो ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। सक्रिय रूप से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाएगा। वहीं, जिला महासचिव रोशन महतो ने कहा कि राकेश किरण महतो के अध्यक्ष बनने पर संगठन और मजबूत होगा।

### कंबल वितरित

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिवडी एवं चोगाडीह गांव में जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ के नेतृत्व में गरीबों, असहाय वृद्ध और वृद्ध जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर संतोष कुमार साहू, राजकिशोर महतो, मोहन लाल ठाकुर ने चंपा देवी, पार्वती देवी, साधू महतो, घुसी राम महतो, शिव महतो और फागू महतो के बीच कंबल बांटा।

## असामाजिक तत्वों ने जला दिये स्कूल के कीमती सामान

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत लोटा पंचायत के भंडारा गांव के समीप उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों ने विद्यालय के कागजात और खेलकूद के सामान आदि को आग लगाकर जला दिया है। विद्यालय के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र महतो ने बताया कि वे लोग बुधवार की सुबह विद्यालय पहुंचे तो देखा कि रूम का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने के बाद कागजात व खेलकूद के सामान जले मिले। इस संबंध में सिल्ली थाना को एक लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### नौ को विरोध प्रदर्शन, सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा की गेट मीटिंग और बैठक

## केंद्र सरकार व कोल इंडिया के चलते अभी तक नहीं हो सका 11वां वेतन समझौता : मुद्रिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** संयुक्त मोर्चा पिपरवार एरिया की बैठक जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद और संचालन रविंद्रनाथ सिंह ने किया। बैठक में केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर नौ दिसंबर को होने वाले एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन को पिपरवार क्षेत्र में सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में, रविंद्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, संजय सिंह, अरविंद शर्मा, निर्मल सिंह, कामेश्वर राम, मोहम्मद जैनुल, बाबूलाल राम, शमसुल होदा, आरएन पंडित, प्रदीप त्रिपाठी, बसंत कुमार, रूखसार आलम आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संयुक्त मोर्चा द्वारा अशोक परियोजना के पीट ऑफिस और वर्कशॉप कार्यालय में गेट मीटिंग की गई। जिसमें नौ को होने वाले विरोध प्रदर्शन में कोयला कामगारों से शामिल होने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार और कोल इंडिया प्रबंधन के अड़ियल रवैया के कारण कोयला मजदूरों का 11 वां वेतन समझौता अभी तक नहीं हो सका है। कोयला मजदूरों के सम्मानजनक वेतन समझौता कराने को लेकर श्रमिक संघ के प्रतिनिधि प्रयासरत है। मौके पर अरविंद शर्मा, रामू गोप, लखन साव, रविन्द्र सिंह, मथुरा प्रसाद मंडल, अजेश मुंडा, गुरुदयाल सिंह, धनेश्वर गंझु, केके चतुर्वेदी, संजीव चंद्रा, अर्जुन गंझु, आरएन पंडित, विनोद कुमार, एसडी राम, बासुदेव गंझू, सरजू सिंह, शिवनंदन शेखर, गांधी राम साहु, गणेश रविदास, मुन्ना ठाकुर, टिकेश्वर ठाकुर, विनोद कुमार, रियाज अंसारी, सीताराम केसरी, पंकज सिंह, अशोक चौहान, राज केशरी, नकुल प्रसाद, संजीव कुमार, रजी अहमद आदि मौजूद थे।



विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गेट मीटिंग करते मददूर-यूनियन के सदस्य।

## स्वामी भवेषानंद महाराज ने की प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ में प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत में सर्वांगीण विकास के लिए चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने बुधवार को रांची के मोराबादी रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेषानन्द जी महाराज पहुंचे थे। उन्होंने नवागढ़ पंचायत सचिवालय में विवेकानंद सेवा संघ कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत प्रतिनिधियों एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक व शोध संस्थान के कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही भावि योजनाओं का प्रारूप तैयार किया। इस मौके पर अनगड़ा जिला परिषद पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, प्रोफेसर डॉ अभिजित दत्ता, आरकेएम भेरी, डॉ राजेश कुमार, अजित उपाध्याय, साहेब मंडल, सुदिप्ता संपत्ति, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, रोहित शाही, बिसेशवर महतो, राजेंद्र शाही आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



**शुभारंभ :** मांडर विधायक ने लापुंग प्रखंड में रखी योजनाओं की आधारशिला

# समस्याओं का निराकरण ही प्राथमिकता: शिल्पी

## जिन ग्रामीणों के आधार कार्ड व मतदाना पहचान पत्र में गलतियां से उसे जल्द सुधरवा लें

**जातालोया से छोटराय टोली तक सड़क निर्माण, गाड़ा गांव में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र बनाने और हर घर नल जल योजना के तहत बड़े जलमिनार बनाने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



योजनाओं की आधारशिला रखती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और उपस्थित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण।

**लापुंग।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को लापुंग प्रखंड के सेंट पॉल उच्च विद्यालय मनहा टोंगरी, निर्मला उच्च विद्यालय महुगांव सहित दोलैचा पंचायत के गाड़ा, मालगो पंचायत के छोटराय टोली और हुलसू पंचायत के हुलसू गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण, पेभर ब्लाक लगाने और अखड़ा निर्माण कार्य की आधार शिला रखी। साथ ही पूजा अर्चना कर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी रखा। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। जैसे-जैसे समस्याओं का निराकरण होगा समस्याएं न्यूनतम होती जाएंगी। कहा कि सभी लोग अपने-अपने व्यक्तिगत दस्तावेजों को दुरुस्त रखें। दस्तावेजों में गलतियों की सुधार जरूरी है। जब ऐसा होगा तो लोगों की समस्याओं का निराकरण करना भी आसान हो जाएगा। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गाड़ा और छोटराय टोली में अखड़ा निर्माण कार्य की आधारशिला रखते हुए लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और त्वरित कार्रवाई कर समाधान के लिए उपस्थित बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा, सीओ अविनाश पूर्णेन्दु और पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिया। विधायक ने निर्मला उच्च विद्यालय और सेंट पॉल हाई स्कूल मनहा टोंगरी के परिसर में पेभर ब्लाक लगाने के कार्य को नई पहल बताया। कहा कि इससे विद्यालय परिसर की खूबसूरती बढ़ेगी और यह शैक्षणिक वातावरण के निर्माण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम होगा। विधायक ने गाड़ा और छोटराय टोली में अखड़ा निर्माण कार्य और हुलसू गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की आधारशिला रखी। जातालोया से छोटराय टोली तक सड़क निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। वहीं गाड़ा गांव में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र बनाने और हर घर नल जल योजना के तहत बड़े जलमिनार बनाने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि भीड़ में खुद की अलग पहचान के लिए कठिन परिश्रम के साथ ही आधुनिकतम तकनीकी शिक्षा भी जरूरी है। इस मौके पर विधायक के विशेष सचिव सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नकुल सिंह, विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, पूर्व प्रखंड प्रमुख सुशीला बारला, कांग्रेसी नेता सुदामा महली, कांग्रेस के प्रखंड सचिव सुखु लोहरा, महिला नेत्री देवंती देवी, सोनी जयसवाल, जोसफिना मिंज, बालमुनी तिर्की, सुमन कुमारी, सुप्रिया उराईन, सुमन उरांव, बिरसो उराईन, चिंतामणी देवी, भादो उराईन, फगनी उराईन, करमी उराईन, फादर विरेंद्र खलखो, फादर मतियत कंडुलना, फादर राजेश होरो, फादर ब्रिसियुस बरला, कनीय अभियंता राहुल कुमार, मंगरा उरांव, बोनीफास कोंगाडी, अजय साहू, संतोष दास, सत्यनारायण पाठक, सुरेश साहू आदि मौजूद थे।

## बालक वर्ग में साल्हन एवं बालिका वर्ग में हरातू पंचायत बनी चैंपियन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट (बालक-बालिका) का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया। बालक वर्ग में साल्हन पंचायत की टीम ने हेसल पंचायत की टीम को पेनाल्टी शुटआउट में 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया वहीं बालिका वर्ग मे हरातु पंचायत की टीम शानदार खेल की बदौलत विजेता बनी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव एवं विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर फाइनल मैच शुरू कराया। बाद में विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अहम योगदान देने वाले पंचायत सेवक व प्रसिद्ध फुटबॉलर सज्जाद खान और वीपीओ पंकज तिर्की को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया सरिता तिर्की, कविता कुमारी, दुर्गा पहान, शंकर बैठा, नाजीर एजाज खान, पंचायत सचिव तस्लीम अहमद, वीपीओ पंकज तिकी, राजेश कुमार, अमन कुमार, अखिलेश कुमार, जितेन्द्र बड़ाईक, उमेश बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## चान्हो के रोल हड़गड़ा टोली में लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रोल हड़गड़ा टोली में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बुधवार को गांव के ही बुजुर्ग दंपति ने किया। इसके बाद जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि यह सरकारी संपत्ति है जिसका बिल लोग खुद देते है। इस लिए इसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लोगों की ही बनती है। इस मौके पर मुखिया चम्पा उरांव, उप मुखिया रत्ना उरांव, क्यूम अंसारी, दीपक उराव आदि उपस्थित थे।

## रांची डीसी ने नवागढ़ पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण, रखी आधारशिला



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का बुधवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने निरीक्षण किया एवं अधारशिला भी रखी। सर्व प्रथम सोसो गांव में धनेशवर महतो और आनंद महतो की जमीन में मनरेगा योजना से आम बगवानी लगाने की आधारशिला रखी। उसके बाद पलटू करमाली के दीदी बाड़ी का उद्घाटन किया। साथ ही धनंजय शाही, नंदकिशोर शाही एवं राजेंद्र शाही का मनरेगा योजना से लगे आम बगवानी देखा। उसके बाद रंगामाटी बरवाटोली के उन्नत किसान महाबीर बेदिया द्वारा मंलचिग से की जारही जैविक खेती देखी। लगे हाथ नवागढ़ गांव में प्रधानमंत्री अवास का गृहप्रवेश कराया। इस मौके पर अनगड़ा बीडीओ उतम प्रसाद, मुखिया नवागढ़ भुवनेशवर बेदिया आदि उपस्थित थे।

# राजन अध्यक्ष और सचिव बने एनामुल



**रातू पूर्वी पंचायत में झामुमो पंचायत समिति का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत के काठीटांड में बुधवार को झामुमो पंचायत समिति की बैठक हुई। इसमें झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजन साहू को अध्यक्ष और एनामुल अंसारी को सचिव चुना गया। इसके अलावा नरेश लोहरा को उपाध्यक्ष, जानू खान को कोषाध्यक्ष, अफजल अंसारी को संगठन सचिव बनाया गया। वहीं, मंसूर अंसारी, जोगेंद्र ओहदार, महफूज आलम, अमित कुमार राय, कमरुद्दीन अंसारी, मंगल सिंह, साजिद अंसारी, अमित कुमार पांडे और आरिफ अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर संजय पासवान, विकास नाथ मुंडा, अशरफ अंसारी, आजम अंसारी, संतोष कुमार, सत्येंद्र सिंह, मनुवर अंसारी, आरिफ अंसारी, छोटू तिर्की, सुरेश ऊरांव आदि थे।

# उपेक्षा का दंश झेल रहा थाइलैंड में शानदार प्रदर्शन करनेवाला प्रतिभावान खिलाड़ी बिरसा टोप्पो

## आर्थिक स्थिति इतनी खराब कि प्रतिदिन अभ्यास के लिए पतरातू जाना भी मुश्किल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** थाईलैंड में आयोजित 14 वां एशियन ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में झारखंड के ब्राम्बे निवासी बिरसा टोप्पो (24) की अगुवाई में भारतीय टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में 17 से 27 नवंबर तक किया गया था। थाईलैंड जाने वाली टीम में पूरे देश से बॉयज और गर्ल्स मिलाकर कुल 54 सदस्य शामिल थे। लड़कों की इस प्रतियोगिता में जहां इंडोनेशिया ने पहला स्थान हासिल किया था वहीं, भारत की टीम चौथे स्थान पर रही थी।

### नेशनल गेम्स में मिला था दूसरा स्थान

इसी वर्ष चार अप्रैल को केरल में आयोजित नेशनल ड्रैगनबोट प्रतियोगिता में झारखंड की टीम को दूसरा स्थान बिरसा की अगुवाई में मिला था। इसी दौरान पूरे देश से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिलाकर राष्ट्रीय टीम का चयन किया गया था जिसमें झारखंड से एकमात्र बिरसा टोप्पो शामिल थे।

**आधारभूत संरचनाओं का है घोर अभाव :** रांची जिले में इस खेल की प्रैक्टिस या कोचिंग कहे तो पतरातू डैम में कराया जाता है। बिरसा की आर्थिक स्थिति ऐसी भी नहीं है कि वह प्रतिदिन प्रैक्टिस के लिए पतरातू जा सके। बिरसा ने बताया कि वह किसी और की बाइक लेकर सप्ताह में दो दिन अभ्यास के लिए पतरातू जाता है। सबसे दुख की बात कि इन लोगों ने इस खेल के अभ्यास के लिए जो नौका बनाई थी वह आम की लकड़ी से खुद से बनाई थी जो काफी दिन होने के कारण अब सड़ चुका है।

### सरकार से है मदद की आस

बिरसा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद भी अभी तक कोई सरकारी अधिकारी या खेल एसोसिएशन के लोग उससे मिलने तक नहीं आए हैं। उसका कहना है कि सरकार इस खेल के विकास पर समुचित ध्यान दे जिससे इस खेल में भी अन्य खेलों की तरह झारखंड के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकें।

## पिस्कानगड़ी में समस्याओं को लेकर हुई बैठक, मिला समाधान का आश्वासन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेसी नेता महेश शर्मा के निजी कार्यालय में पिस्का ओवरब्रीज के जल्द निर्माण को लेकर बुधवार को आम सभा हुई। जिसमें जमीन के कागजात देखकर निष्पादन किया गया। जिससे लोग काफी राहत महसूस कर रहे हैं। मौके पर नगड़ी अंचल के अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, बड़ा बाबू एलन लकड़ा, राजस्व कर्मी संदीप उरांव, रितेश कुमार शामिल थे। बतातें चलें कि ओवरब्रीज के निर्माण कार्य में विलंब के कारण आये दिन जाम होने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही थी। प्रतिदिन पिस्का रेलवे क्रासिंग में दो से तीन घंटा जाम लगता है।

## शिक्षण संस्थान में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : होलिका देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड प्रमुख होलिका देवी ने चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर और सिलागईं स्थित सरकारी विद्यालय में चल रहे रंग रोगन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दोनों ही गांव से ग्रामीणों ने उन्हें फोन पर शिकायत की थी कि इन विद्यालयों में रंग रोगन कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। मामले की जांच को लेकर जब उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण किया तो शिकायत को सही पाया। उन्होंने कहा कि केवल बाहर से ही विद्यालयों को रंगा जा रहा है। उसमें भी बहुत ही घटिया क्वालिटी की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। मामले को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षण क्षेत्र में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले को लेकर अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगी। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि देवेंद्र महली, मकेश्वर महली, छोटन महली, नव कुमार सिंह, रीवा नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

# योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी की सहभागिता और एकजुटता जरूरी : रांची डीसी

**प्रखंड में कई विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा, , कस्तुरबा बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



अनगड़ा 2पी- डैम में केज कल्चर तकनीक के अवलोकन को बोट पर सवार होकर जाते डीसी।

**अनगड़ा।** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रखंड का दौरा कर कई विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। वे सबसे पहले अनगड़ा कस्तुरबा स्कुल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में पठन-पाठन, साफ-सफाई व रख-रखाव आदि व्यवस्थाओं को देखा व संतोष व्यक्त किया। वहीं, वार्डन विमला कुजूर ने स्कूल में भवन की कमी से हो रही असुविधाओं की ओर डीसी का ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर डीसी ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि अतिरिक्त भवन का निर्माण कराकर इस समस्या को दूर किया जाए। इसके बाद डीसी सिरका पंचायत के महेशपूर गांव पहुंचे। यहां गेतलसूद डैम में महेशपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा संचालित केज कल्चर तकनीक से हो रहे मछली पालन का जायजा लिया। वे खुद बोट पर सवार होकर डैम के बीचो-बीच स्थापित केज कल्चर और आरएफएफ पर पहुंचे और मछली उत्पादन की पूरी तकनीक को जाना। मौके पर केज कल्चर में मछली के ग्रोथ रेसियो का भी अवलोकन किया। इससे पहले उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं मत्स्य जीवी समिति के अध्यक्ष कलेश नायक सहित अन्य सदस्यों से योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी ली। कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मत्स्य जीवी समिति के सभी सदस्यों की सहभागिता एवं एकजुटता हो। इसके बाद वे गेतलसूद पंचायत पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया। जोन्हा स्थित ग्रामीण कल्याण अस्पताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मुलभूत सुविधाओं की कमी पाई गई। इस पर डीसी ने नाराजगी व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ उतम प्रसाद, सीओ पुष्पक रजक, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया रोशन लाल मुंडा, मनरेगा बीपीओ अविंद्र कुमार, गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा, उपमुखिया शंकर बैठा, बीइओ भरोसी मुंडू, वीपीओ पंकज तिर्की, कमला एक्का, ग्रामप्रधान उमेश बड़ाईक आदि मौजूद थे।

**बदहाली :** आठ साल बाद भी टूटा दरवाजा, न खिकड़ी, न ही बना फर्स और ब्लैकबोर्ड

# बदहाली में शिक्षा लेने को मजबूर नौनिहाल, जिम्मेदार उदासीन

**घोषणाओं पर टिकी शिक्षा व्यवस्था, अधूरे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन में बच्चे गढ़ रहे अपना भविष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

## ऐसे पढ़ेगा इंडिया तो कैसे बढ़ेगा इंडिया





**बेड़ो।** प्रखंड के मुड़ामु गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन बनने के आठ वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। स्कूल के इस भवन में ब्लैकबोर्ड व फर्स तक नहीं बन पाया है। भवन में खिड़की तक नहीं लगी है। दरवाजा भी टूटा हुआ है। वर्ग एक से पांचवी तक संचालित होने वाले इस प्राथमिक विद्यालय में कुल 80 बच्चें नामांकित हैं। बेंच-डेस्क और कमरे के आभाव में बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। वहीं विद्यालय के संचालन के लिए विभाग की ओर से दो पारा शिक्षक है। जबकि शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए केंद्र व राज्य सरकार एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। बावजूद इसके सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। विद्यालय भवन का आलम यह है कि छात्र-छात्राएं आधे अधूरे व जर्जर भवन में अपना भविष्य गढ़ रहे है। लेकिन इस स्कूल भवन की सुध लेने वाला कोई नहीं है। 2016 में बना स्कूल भवन आधा अधूरा पड़ा है। इस अधूरे भवन के बारे में कोई सोचने समझने वाला नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने यहां के नौनिहालों को बेहतर माहौल से वंचित रखा है। स्कूल में आज भी आधे अधूरे व जर्जर भवन में बच्चे बैठ कर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। कहीं जर्जर भवन के कारण बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं तो कहीं स्कूलों में मुलभूत सुविधाएं व हालत बदतर है। वहीं सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई के साथ अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के सरकार के दावे धरातल पर खोखले नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि गांव में स्कूल और उसमें पढ़ने वाले बच्चे भी हैं। लेकिन नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए बच्चों को पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।

### घटना की करेंगे जांच, दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई : सुनील केशरी

**वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी का कहना है कि मामले की जांच की जायेगी। जो भी दोषी पाये जायेंगे, उन पर कर्रवाई की जायेगी।**

## बेड़ो वन विभाग ने जब्त किया 45 पीस सखुआ बोटा लदा ट्रक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नेहालु कपरिया गांव के लाठिया टोली जंगल से मंगलवार की रात वन विभाग के गश्ती दल ने बिना नंबर की एक टर्बो गाड़ी जब्त की, जिसमें 45 पीस साल लकड़ी का बोटा लदा था। गुप्त सुचना पर वन विभाग की गस्ती दल जैसे ही वहां पहुंची वन कर्मियों को देख लकड़ी तस्कर, वाहन चालक व खलासी अंधेरे व घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर भाग निकले। वहीं वन कर्मियों द्वारा लकड़ी लदा गाड़ी को जब्त कर ले गई। इस अभियान में वनरक्षी रविशंकर महली, सुभाष चंद्र प्रामाणिक, इंद्रजीत, भूपेंद्र प्रसाद और विकाश सिंह आदि शामिल थे।

# गर्म माड़ में गिरकर गंभीर रूप से झुलसी स्कूल की दोनों बच्चियों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** जिले के तरहसी प्रखंड की सेलारी पंचायत क्षेत्र के छेचानी मध्य विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना (एमडीएम) के गर्म माड़ में गिरकर गंभीर रूप से झुलसी आंगनबाड़ी केन्द्र की दोनों बच्चियों (आपस में बहन) की मौत हो गई है. दोनों का इलाज रांची रिम्स के बर्न वार्ड में चल रहा था । इसी क्रम में मंगलवार की देर शाम छोटी बहन ब्यूटी कुमारी और बुधवार की सुबह बड़ी बहन शिबू की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी पुष्टि तरहसी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सचिदानंद महतो ने की है. उन्होंने कहा कि तमाम प्रयास के बावजूद उक्त बच्चियों की जान बचाने में हम कामयाब नहीं हो पाए । बता दें कि



गत 24 नवम्बर को छेचानी मध्य विद्यालय में मध्याहन भोजन के लिए बनाए गए चावल का गर्म माड़ खुले में रख दिया गया था. मध्य विद्यालय के पुराने भवन में गांव का आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित होता है। यहां परमेश्वर साहू की दो पुत्री शिबू कुमारी एवं ब्यूटी कुमारी आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने आई थी। खेलने के क्रम में दोनों बहन गर्म माड़ से भरे टब में गिर गई थी। आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था। दो दिनों के बाद दोनों को मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स ले जाने का निर्णय लिया गया था। 27 नवम्बर की देर रात तरहसी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सचिदानंद महतो ने अपनी देखरेख में दोनों बच्चियों को इलाज के लिए रांची रिम्स के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था। साथ ही जिला प्रशासन से निर्गत 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया था।

### 12 दिन बाद तोड़ा दम

रांची रिम्स के बर्न वार्ड में इलाज के दौरान 12 दिन बाद छोटी बच्ची ने दम तोड़ दिया, जबकि 13वें दिन बड़ी बहन की मौत हो गयी। तरहसी के सीडीपीओ सचिदानंद महतो ने बताया कि दोनों शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा. शाम तक शव घर लाने की संभावना है ।

### कार्रवाई के लिए नाम पर क्या हुआ अबतक

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साव ने संकुल साधन सेवी की रिपोर्ट पर सचिव सह प्रधानाध्यापक उमा देवी से स्पष्टीकरण पूछते हुए उन्हें सचिव सह प्रधानाध्यापिका के पद से हटा दिया है। संयोजिका शोभा देवी और रसोईया कालो देवी एवं सविता देवी को कार्य मुक्त कर दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साव को भी शोकॉज किया गया है। सेविका अनिता देवी को भी शोकॉज किया गया था, लेकिन हटाने या चयनमुक्त करने की कार्रवाई अबतक नहीं की गई है।

## वार्ड-9 के पार्षद ने चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड-9 के पार्षद नजीर अहमद ने नपं के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर शहर के सभी चौक चौराहों पर अलाव व्यवस्था की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज को दिए गए आवेदन में पार्षद ने कहा है कि दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रही ठंड के बीच चौक- चौराहों पर नगर पंचायत के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने के बीच लोगों की निगाहे नगर प्रशासन पर टिकी है । अलाव की व्यवस्था नही होने के कारण आम लोग कागज की पटियों को जलाकर अलाव का सहारा ले रहे हैं। गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड के बीच दूर-दराज से आये यात्रियों, ठेला और रिक्सा चालक व गरीब असहाय लोगों को इस भीषण ठंड से जूझना पड़ रहा है।वार्ड पार्षद ने हुसैनाबाद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है ताकि ठंड से आमलोगों को राहत मिल सके।

## ठाकुरबाड़ी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में रेडमा राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज सप्तम दिवस में वृंदावन मथुरा से पधारे परम पूज्य परम श्रद्धेय देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी श्रदालुओं ने कथा का आनंद प्राप्त किया। विश्राम दिवस की कथा में उन्होंने सुदामा कृष्ण चरित्र से मित्रता का परिचय दिया, मित्र कैसा होना चाहिए।सुदामा चरित्र के पश्चात परीक्षित मोक्ष जन्मेजय का यज्ञ करने से सभी कथा प्रेमियों को अवगत कराया।विदाई के गीत के साथ देवी जी ने विदाई ली। इस दौरान समिति के सदस्यों के द्वारा परम श्रद्धेय परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी का स्वागत सम्मान किया भाव के साथ विदाई दी गई।इसके पूर्व कथा के छठे दिवस को झारखंड सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर,संजीव तिवारी,राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा,सुनील तिवारी आदि ने मंच



पर हेमलता शास्त्री का स्वागत किया। इस दौरान समिति के द्वारा मंत्री मिथलेश ठाकुर का माल्यार्पण कर स्वागत किया जबकि छठे दिवस की संध्या आरती पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने किया। आरती के पूर्व श्री सिंह ने हेमलता शास्त्री को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के दिलीप तिवारी,प्रवीण तिवारी, संतोष तिवारी,अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी,मुकेश त्रिपाठी, विनित तिवारी,अपपू तिवारी, राकेश दूबे,राजन पांडेय,अजीत तिवारी व अमित तिवारी सहित कई सदस्य सक्रिय थे।

## प्रेरणा परमार्थ आश्रम रेहला इकाई ने पांच सौ जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र का वितरण

### मानव सेवा मोक्ष प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है : भैय्या जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा पांच सौ जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। वितरण समारोह का आयोजन रेहला शिवतार ट्रेडर्स परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले गुरु दत्तात्रेय,अघोरेश्वर अवधूत भगवान गुरुपद संभव राम जी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। वितरण समारोह का उद्घाटन श्रद्धेय भैय्या जी महाराज,वनांचल डेंटल कॉलेज के चेयरमैन दिनेश प्रसाद सिंह व वरीय समाज सेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह ने



किया। संचालन शिक्षाविद अरुण सिंह व अमित कुमार सिंह बाबुल ने संयुक्त रूप से किया। सुधीर भैय्या जी ने कहा कि मानव सेवा सभी को मोक्ष प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है। मानव सेवा ही मोक्ष प्राप्त करने का सबसे सरल रास्ता है। मानव सेवा देव सेवा के बराबर है। डेंटल कॉलेज के चेयरपर्सन दिनेश सिंह ने कहा कि दुनियां में न देने वाला बड़ा होता है और न ही लेने वाला छोटा होता है। सभी मनुष्य के शरीर मे भगवान का वास होता है। युवा समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रत्येक वर्ष जरूरतमंदों के बीच व्यापक स्तर पर कंबल व वस्त्र का वितरण कर समाजसेवा के क्षेत्र में कृतिमान स्थापित करते जा रहा है।.आश्रम का रेहला शाखा द्वारा किया जा रहा समाज सेवार्थ कार्य सभी को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिये। वितरण समारोह स्थल पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगो ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। शिविर में डॉ विश्वजीत सिंह अपने टीम के साथ मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत रोगियों को मुफ्त दवा भी दी गयी। मौके पर रंधीर सिंह, राज सिंह, नीरज सिंह, डॉ वीपी शुक्ला, विनोद सिंह,मुन्ना सिंह, मृत्युंजय सिंह, अजीत दीक्षित, पप्पू गुप्ता, कृपा सिंह,सुरेंद्र सिंह, शैलेश सिंह, सोनू सिंह, रौशन सिंह, पप्पू सिंह, उपेंद्र देव सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीसी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना,सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना,डेयरी लोन,पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में जिला के विकास से संबंधित सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड,महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज,पीएमइजीपी की उपलब्धि,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,पीएम स्वनिधि योजना जैसे कार्यों की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जारी वित्तीय वर्ष में डेयरी,मत्स्य पालन,बकरी पालन, सूअर पालन,पशुपालन आदि पर जोर देने की बात कही.उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी बैंकर्स को जीएम,जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर पीएमजीइपी के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना सितंबर 2022 तिमाही की समीक्षा की गयी तथा उपायुक्त द्वारा सभी बैंकों को लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी आंजनेयुलू दोड्डे के अलावा डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा,एलडीएम,सांसद प्रतिनिधि, विभिन्न विधायक प्रतिनिधि,समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में मनाया गया रेड डे

## बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल टीचिंग भी जरूरी : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे लाल परिधान में सजे हुए नजर आए। लाल रंग को महत्व देते हुए इस पर विभिन्न लेख लिखे गए। बच्चे अपने टिफिन के लिए भी ऐसे खाद्य सामग्री लाए थे जो लाल रंग की वस्तु से बनी थी। छात्र छात्राओं को प्रकृति के लाल रंग के महत्व को समझाया गया। शिक्षकों ने लाल रंग के फलों, सब्जियों, फूलों और अन्य सामग्री जो हमें अपने दैनिक



जीवन में उपयोग करते हैं, पर आधारित गतिविधियों का संचालन करवाया। लाल रंग को आधार मानते हुए कविताओं और गीतों की लड़ियों से इस दिन को मस्ती से सराबोर कर दिया।मौके पर बिद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि बच्चे एक्टिविटीज के माध्यम से जल्दी सीखते है एवम याद रख पाते है। उनका कहना है कि बुक्स के साथ-साथ प्रैक्टिकल टीचिंग का होना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उदेश्य को ध्यान में रखते हुए बिद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर तरह-तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता रहता है, ताकि खेल-खेल में बच्चे ज्ञानार्जन भी आसानी से कर सकें। मौके पर गतिविधि प्रभारी दीपिका के साथ शिक्षिका रंजना और ज्योति ने सुनिश्चित किया कि एक दिन बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ ज्ञान और आनंद से भी भरा होना चाहिए। सभी विद्यार्थियों ने इस दिन को पिकनिक का रूप देते हुए बड़े ही आनंद के साथ एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया।

## स्वस्थ और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है पौधरोपण : कौशल

**पर्यावरणविद एवं मुखिया ने शादी समारोह में शामिल होकर वर वधु को आम व कपूर का पौधा देकर सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के लोटनिया गांव के एक शादी और यूपी सोनभद्र ओबरा के तिलक समारोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने वर बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की । उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर



उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने लखनऊ के मनोज गुप्ता की पुत्री रीया और यूपी के बीपीएसए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के पुत्र चंद्र गोपाल की सगाई और पलामू जिले के हुसैनाबाद लोटनीया के भाजपा नेता नागेंद्र उपाध्याय की पुत्री रानी के विवाह के साथ बिहार आरा के पीरो निवासी जयप्रकाश उपाध्याय के पुत्र विकास उपाध्याय के शादी समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यों पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढ़ने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोरोना का कहर और प्रदूषण के जहर ने सभी लोगों को बता दिया है कि ऑक्सीजन के सिलेंडर का कितना महत्व है। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद हम दोनों निजी खर्चों पर आज 56 वर्षों से केवल बरसात ही नहीं बल्कि अन्य मौसमों में भी पौधे लगाने और बांटने का काम अविराम चलाते आ रहा हैं। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में लखनऊ के विजय गुप्ता,अनुज गुप्ता, रेखा देवी, अनिल गुप्ता,रामभरो प्रसाद, रीता देवी,अनुराधा देवी, शानू देवी, रितिका, सोनभद्र के नंद गोपाल, वर्षा रानी, अंजनी देवी, डां पदमा जायसवाल, डां अभिषेक कुमार, सुभाष प्रसाद एवं पलामू के सचिन पांडे, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, प्रदीप प्रसाद, कार्तिक प्रसाद,शिल्पा जायसवाल, गीता देवी, कल्पना देवी, पंकज कुमार, पूर्णिमा कुमारी, चिंता उपाध्याय, ममता पांडे शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



रोहित शर्मा की अविश्वसनीय पारी बेकार, बांग्लादेश ने भारत को दूसरे एकदिनी में 5 रन से हराया

## रणजी ट्रॉफी : 13 दिसंबर को जेएससीए में झारखंड और केरल के बीच मुकाबला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** रणजी ट्रॉफी 2022-23 की तैयारियां जोरों से शुरू हो चुकी हैं। भारत के घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद से खेला जाने वाला सबसे बड़ा टूनामेंट 13 दिसंबर से शुरू हो रहा है. झारखंड की टीम को एलिट ग्रुप सी में रखा गया है। झारखंड का केरल के साथ पहला मुकाबला 13 दिसंबर को जेएससीए स्टेडियम में होगा। जेएससीए की तरफ से मैच की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. भारत के प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट के नये फॉर्मेट के तहत रणजी ट्रॉफी को एलीट और प्लेट श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिसका मतलब है कि दो विजेता होंगे। एलीट ग्रुप की बात करें तो मौजूदा 32 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। जिसमें 8 टीमें हर ग्रुप में शामिल हैं। राउंड रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज खेले जाने के बाद हर ग्रुप की दो बेस्ट टीमें क्वार्टरफाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर जाएंगी। प्लेट ग्रुप में 15 लीग मैचों के साथ 6 टीमें शामिल हैं, और शीर्ष 4 सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। बीसीसीआई ने यह फैसला टूनार्मेंट को और मुश्किल बनाने और टीमों के बीच ज्यादा प्रतिस्पर्धा करने के लिए किया गया है।

**e-Procurement Cell , Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice, (Very Urgent)**

Tender Reference No.-BCD/SECNC/18/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-07-12-2022

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Internal Boundary Wall, Septic Tank, Recharge Pit, Landscaping and Other Miscellaneous Work at Hon'ble Ex. C.M. Sri Sibu Soren Residence at Morabadi, Ranchi for the year 2022-2023 | Rs. 52,70,200.00 | 4 (Four) Months | 15.12-2022 | 20.12.2022 11:00 AM | 20.12.2022 11:30 AM | 21.12.2022 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव / संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची।

PR 284503 Building Construction Dept Chotanagpur Circle(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### मंजुरा में एक दिवसीय समावेशी शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कसमार प्रखंड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं दिव्यांग बच्चों के माता- पिता व अभिभावकों का एक दिवसीय प्रखंडस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम 2022-23 का आयोजन मंजुरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में किया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कसमार प्रखंड की 124 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका व दिव्यांग बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर दिव्यांगता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। रिसोर्स शिक्षिका चंचला कुमारी व शिक्षक बुद्धदेव रजक ने बताया कि सरकार की ओर से दिव्यांगो को किस तरह की सुविधा प्रदान की जा रही है। बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका दिव्यांग बच्चों की प्राथमिकता के तौर पर चिन्हित कर उन्हें शिक्षा प्रदान करने का काम करें। साथ ही उसका प्रतिवेदन बीआरसी को उपलब्ध कराये, ताकि उन बच्चों को सुविधा प्रदान की जा सके। वहीं रिसोर्स शिक्षिका चंचला ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षक हमेशा अच्छा व्यवहार बनाने का काम करें। इस मौके पर दीपक पटेल, फटीक चंद्र महतो, रेणुका देवी, रूपा देवी, अंबिका देवी, चपला देवी, सविता देवी, रितु देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पेटरवार के भारती महिला संघ की ओर से पशु सखी कीट का किया गया वितरण

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास विभाग झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत भारती महिला संघ की ओर से पेटरवार प्रखंड क्षेत्र के पोड़दाग स्थित कार्यालय में पशु सखी को कीट का वितरण विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी, जिला परिषद सदस्य प्रह्लाद महतो, मुखिया सावित्री देवी की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर 20 सूत्री सदस्य अजित कुमार, भारती महिला संघ की अध्यक्ष रेणुका देवी, रंजीत महतो, नीतीश कुमार यादव, लखन महतो सहित कई अन्य उपस्थित थे।

धनबाद के नये कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक

# केंद्र की जन विरोधी सरकार के लिए भारत जोड़ो यात्रा है करारा जवाब: संतोष सिंह

## 09 को धनबाद में होगा प्रदेश अध्यक्ष, सूबे के स्वास्थ्य और कृषि मंत्री समेत नेताओं का जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें आगामी नौ दिसंबर को जिला मुख्यालय में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारी व समीक्षा के साथ कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा की गई जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी के आह्वान और राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछले सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की गई है, जो 12 राज्यों एवं दो केंद्र शासित प्रदेशों से 3500 किलोमीटर दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी, वैसे राज्यों के जिलों में बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना




धनबाद जिला कार्यालय में बैठक कर कार्यक्रम की रणनीति बनाते नए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व अन्य।

सुनिश्चित किया गया है। भारत जोड़ो कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा द्वितीय चरण में जिला के सभी प्रखंड, नगर, वार्ड एवं पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को निरंतर आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नौ दिसंबर को जिला मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह चौक स्टील गेट से दोपहर 1.30 बजे शुरू होगी जो स्टील गेट से चलकर सरायढेला, आइएसएम गेट, जगजीवन नगर, पुलिस लाइन, हीरापुर हटिया मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंचकर एक सभा में तब्दील होगी। उक्त कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक सुबोधकांत सहाय, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, पूर्व मंत्री, विधायक, मंच-मोर्चा के अध्यक्षगण एवं सभी प्रखंड,नगर के अध्यक्ष आदि से निर्धारित समय पर पहुंच कर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है।

नए जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। डीजल-पेट्रोल से लेकर खाने-पीने समेत जरूरत ही कर चीजों की कीमतें आसमान छू रही है। भारत जोड़ो यात्रा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश में जन विरोधी सरकार काबिज है। जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े महत्वपूर्ण ज्वलंत मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है। बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा अंसारी को बनाए जाने पर उन्हें जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ मुझ पर विश्वास जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और संगठन को मजबूत बनाउंगा। इस मौके पर प्रदेश डेलीगेट शमशेर आलम, मनोज यादव, मनोज सिंह, नवनीत नीरज, रमेश जिंदल, जहीर अंसारी, गोपाल कृष्ण चौधरी, सीता राणा, राजू दास, लक्ष्मण तिवारी, संजय महतो, अक्षयवर प्रसाद, मंटू दास, क्यूम खान, इरफान खान चौधरी, हुमायूं रजा, बाबू अंसारी, पप्पू पासवान, डेविड सिंह, दीपक सिंह, प्रसाद निधि, पप्पू कुमार तिवारी, गंगा वाल्मीकि, जयप्रकाश चौहान, दिनेश यादव, इम्तियाज अली, जयप्रकाश चौहान, आनंद मोदक, रत्नेश यादव आदि उपस्थित थे।

## समाज का सहयोग मिला तो हर काम कर लेंगें दिव्यांग: वीणा अग्रवाल

दिव्यांग स्कूल पहला कदम में दिव्यांगता सप्ताह समापन समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। दिव्यांग बच्चों का स्कूल पहला कदम में बुधवार को दिव्यांगता सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल और उनकी पत्नी वीणा अग्रवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा पेश




कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मौजूद गणमान्य व पहला कदम के बच्चे।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें मूक बधिर और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। वीणा अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगों में हौसलों की कोई कमी नही है। बस इन्हें जरूरत है समाज के हर वर्ग के साथ व सहयोग की। वहीं, चंद्रशेखर अग्रवाल ने स्कूल की गतिविधियों की सराहनी की। कहा कि पहला कदम स्कूल का दिव्यांग बच्चों के प्रति अद्भुत और शानदार कार्य धनबाद ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। सभी प्रतिभागियों को चंद्रशेखर अग्रवाल और वीणा अग्रवाल द्वारा मेडल दिया गया। साथ ही बच्चों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास का वादा किया। दिव्यांगता सप्ताह के अंतिम दिन सभी बच्चों ने खेल, नृत्य, संगीत का मजा लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया। चंद्रशेखर अग्रवाल ने पहला कदम स्कूल को हाल में ही नेशनल अवार्ड मिलने के लिए बधाई दी। समापन पर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा दिव्यांगता सप्ताह के आयोजन से दिव्यांग बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## पंचायत प्रतिनिधियों को मिला सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रशिक्षण

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह प्रखंड प्रशासन एवं प्रदान संस्था की ओर से प्रखंड के बारु, जैना, गायछंदा व भस्की पंचायत भवन में बुधवार को जनप्रतिनिधियों को सामाजिक सुरक्षा योजना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नए जनप्रतिनिधियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे राशन, पेंशन मनरेगा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रदान संस्था के प्रकाश कुमार द्वारा



एक-एक कर सभी योजनाओं के बारे में चार्ट पेपर के माध्यम से पीआरआईएस सदस्यों को समझाया गया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को ऑनलाइन एमआईएस ट्रैक करने, मनरेगा जॉब कार्ड देखने, ऑनगोइंग स्कीम, मजदूर का भुगतान का स्थिति, सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन की स्थिति, ऑनलाइन नए राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने आदि के बारे में बताया गया। इस मौके पर प्रदान से मास्टर ट्रेनर प्रकाश कुमार, शोभा कुमारी, जयराम महतो, चंदना, राधा, सूरज कुमार, सोनिका देवी, बारु पंचायत के मुखिया अवध रजवार, उपमुखिया बबली देवी, पंसस दिलीप घांसी, वार्ड सदस्य अख्तर राजा, उर्मिला देवी, विश्वनाथ झा, रमनी देवी, यशोदा देवी आदि थे।


### कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

**आम सूचना**

विषय :– 01.04.2021 के उपरांत अस्थायी निबंधन (TR) प्राप्त करने वाले वाहन स्वामियों को अन्तर राशि जमा करने के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि महालेखाकार रांची के कार्यालय का ज्ञापांक–168 दिनांक–11.10.2022 का संदर्भ संख्या OBS-430192 के द्वारा छः माह के स्थान पर एक माह का निबंधन शुल्क प्राप्त कर वाहनों का अस्थायी निबंधन (TR) किए जाने पर आपत्ति दर्ज किया गया है। वैसे वाहन स्वामी जो 01.04.2021 या उसके उपरांत वाहन का अस्थायी निबंधन (TR) कराया हो तो वैसे वाहन स्वामी निबंधन शुल्क की अन्तर राशि अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

यदि ऐसा नहीं करते हैं तो वैसे वाहन स्वामियों के विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर करते हुए वसूली की कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

PR.NO.284432 Transport(22-23):D

जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग।


### कतरास के युवक की कर्नाटक में मौत



महुदा (आजाद सिपाही)। कतरास के हटिया निवासी मो राजा (27) की कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि सड़क दुर्घटना में राजा के सर में गंभीर चोट लगी थी। वह जहां काम करता था वहीं की कंपनी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां सिर का ऑपरेशन भी हुआ था। पर उसे बचाया नहीं जा सका। युवक पिछले तीन वर्षों से कर्नाटक के एक निजी कंपनी में वेल्डर के रूप में कार्यरत था। उसकी सात साल की एक बेटी और पांच साल का एक बेटा भी है। उधर, घटना की खबर पाकर उसके परिजन कर्नाटक रवाना हो गए हैं।

### झरिया में अनियंत्रित हाइवा ने ऑटो को मारी टक्कर, चालक समेत दो घायल


झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चौथाई कुल्ही के समीप बुधवार की दोपहर अनियंत्रित हाइवा ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार एक यात्री व चालक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए स्थानीय निजी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इसी दौरान हाइवा चालक मौके का लाभ उठा कर भाग निकला। उधर, सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंच हाइवा को जब्त कर लिया। लोगों के अनुसार हाइवा का चालक नशे में वाहन चला रहा था।

## करगली बाजार से स्कॉर्पियो चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

बेरमो पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख लगा रही चोरों का पता

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। बेरमो थाना अंतर्गत करगली बाजार पानी टंकी के पास से मंगलवार की रात एक स्कॉर्पियो चोरी हो गई। जो रीजनल कॉलोनी निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा की है। यह गाड़ी करगली बाजार निवासी सुनील सोनी चलते हैं। मंगलवार को चालक सुनील सोनी, रघुनंदन प्रसाद वर्मा के बेटे मनोज कुमार वर्मा को लेकर रांची गये थे। वहां से लौटने के बाद करगली बाजार निवासी शंकर प्रसाद गुप्ता के घर के करीब गाड़ी खड़ी की थी। बुधवार को जहानाबाद बारात जाने के लिए गाड़ी बुक थी। सुबह 10 बजे निकलना था। सुनील सोनी सुबह




7.30 बजे जब गाड़ी की सफाई करने के लिए आया तो देखा कि गाड़ी वहां है ही नहीं। उसने तुरंत इसकी खबर गाड़ी मालिक के बेटे मनोज को दी। इसके बाद सभी मिलकर काफी देर तक गाड़ी की तलाश करते रहे, लेकिन नहीं मिली। अंत में इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी गई। खबर पाते ही बेरमो के थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर गुलशन कुमार और प्रेम कुमार मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी बीच देर रात 2.32 बजे गाड़ी करगली बाजार से बहार ले जाते हुए देखा गया। इस संदर्भ में बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। जांच जारी है। कहा कि सीसीटीवी फुटेज से गाड़ी को ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है।


### कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**खुला डाक द्वारा जलकर बन्दोबस्ती हेतु अतिअल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र सं0 114, दिनांक 18.01.1992 एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1410 दिनांक 02.06.2011 के आलोक में हजारीबाग जिला अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के द्वारा बन्दोबस्ती का प्रस्ताव नही प्राप्त होने के उपरांत शेष जलकरों का अल्पकालीन बंदोबस्ती वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है।

इस कम में 10,000/–रू0 से अधिक वार्षिक सुरक्षित जमा वाले निम्नांकित जलकरों की खुली डाक द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती अपर समाहर्ता, हजारीबाग की उपस्थिति में प्रथम तिथि दिनांक 15.12.2022 एवं द्वितीय तिथि 20.12.2022 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में उनके कार्यालय, कक्ष में आरंभ की जायेगी। बंदोबस्त किये जाने वाले जलकरों की सूची निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकवा (एकड़ में) | सुरक्षित जमा | बंदोबस्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कवातु आहर | कवातु | चम्पानगर नावाडीह | ईचाक | 127 | 1057, 1058 | 1.64 | 17400 | वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक के लिए |
| 2 | रतनपुर पोखर | रतनपुर | रतनपुर | ईचाक | 52 | 1409, 1410 | 1.65 | 10000 | |
| 3 | तिलरा आहर | तिलरा | चम्पानगर नावाडीह | ईचाक | 184 | 2447, 2448 | 1.72 | 10000 | |
| 4 | चट्टी बारियातु टेंक | चट्टीबारियातु | चट्टीबारियातु | केरेडारी | 159 | 545, 2090 | 4.38 | 20000 | |
| 5 | जोरदाग आहर | जोरदाग | पचड़ा | केरेडारी | 190 | 381, 382 | 6.44 | 19200 | |
| 6 | कूद आहर | कूद | कूद | कटमदाग | 83 | 110, 210, 208 | 1.77 | 12000 | |
| 7 | नगवां जोडा आहर | नगवां | सिन्दुर | सदर | 102 | 7706 | 5.20 | 50000 | |
| 8 | उचाही आहर | उचाही | झापा | चौपारण | 5 | 123 | 1.90 | 17000 | |
| 9 | बेडमकी आहर | बेडमकी | खरगु | चलकुशा | 126 | 1726, 1727 | 1.40 | 36000 | |

जलकर बंदोबस्ती में भाग लेने वाले डाक वक्ता के द्वारा सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि डाक वक्ता जमा नही करते है, तो उन्हें डाक में भाग नही लेने दिया जायेगा। उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त पश्चात् विभागीय परिपत्र सं0 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में राजस्व राशि जमा करना होगा, जिसमें जमा की गई अग्रधन की राशि समायोजित कर ली जायेगी। राजस्व राशि जमा नही करने की स्थिति में अग्रधन राशि जब्त कर ली जाएगी एवं भविष्य में डाक में भाग लेने से उन्हें वंचित रखा जाएगा।

सफल डाक वक्ता के राजस्व राशि जमा करने एवं सक्षम प्राधिकार से बन्दोबस्ती की स्वीकृति मिलने के पश्चात् बन्दोबस्ती का एकरारनामा कराकर निबंधन कराना होगा, जिसका व्यय उन्हें स्वयं वहन करना होगा। बन्दोबस्ती का एकरारनामा एवं इसका निबंधन निर्दिष्ट अवधि तक नहीं कराने की स्थिति में उक्त डाक को रद्द कर जमा राजस्व राशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा पुनः डाक की प्रकिया अपनाई जायेगी।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये बन्दोबस्ती रद्द करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 284415 Fish(22-23).D


तस्करी पर अंकुश की कवायद: तेतुलिया पहुंचे धनबाद एसडीएम व सीओ

# तोड़ी जर्जर मकानें, कराई अवैध मुहानों की भराई

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बीसीसीएल एरिया-3 स्थित सोनारडीह ओपी और धर्माबांध ओपी क्षेत्र के तेतुलिया में बीसीसीएल की जमीन पर स्थित जर्जर मकानों में अवैध तरीके से रह रहे लोगों को खाली करवाने के साथ ही कई जर्जर मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं तेतुलिया क्षेत्र में कोयला तस्करों द्वारा खोले गये तमाम अवैध माइंस के मुहानों की भी भराई धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह, बीसीसीएल एरिया तीन के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर चितरंजन सिंह, सोनारडीह ओपी प्रभारी स्वेता कुमारी, धर्माबांध



इवैध मुहानों का निरीक्षण कर भराई करवाते धनबाद के एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, सीओ कमल किशोर सिंह, बीसीसीएल एरिया-3 के महाप्रबंधक व अन्य।

ओपी प्रभारी पुनीत मिंज आदि की मौजूदगी में करायी गयी। इस बीच वर्षों से वहां रह रहे लोगों को जल्द मकान खाली करने का निर्देश भी दिया गया, ताकि बीसीसीएल की जमीन को जल्द-से जल्द खाली करवाकर अतिक्रमण मुक्त किया जा सके।

### अचानक इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं

उधर, प्रशासनिक कार्रवाई से नाराज लोगों ने कहा कि वे वर्षों से यहां रह रहे हैं। अचानक की गई इस तरह की कार्रवाई और क्षेत्र खाली करने के नोटिस के बाद वे कहां जायेंगें। यह कार्रवाई उचित नहीं है। वहीं, एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि बीसीसीएल द्वारा आवेदन दिया गया था कि क्षेत्र में कुछ अस्थाई लोग आकर रह रहे हैं। उनके द्वारा कोयला चोरी की जा रही है। इसलिये विधि व्यवस्था को ध्याना में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती कर जर्जर भवनों को ध्वस्त किया गया एवं वहां चल रहे अवैध माइंस के मुहानों की भराई की गई। साथ ही बीसीसीएल की जमीन पर अतिक्रमण कर रह रहे लोगों को नोटिस कर खाली करने का निर्देश दिया गया। ये पूरा इलाका माइंस प्रभावित क्षेत्र हैं, और कभी भी घटनाएं हो सकती हैं। वहीं, बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह ने कहा कि डीसी को विगत दिनों बीसीसीएल द्वारा सूचना दी गई थी कि कोयला चोरी की नियत से बाहर के कुछ लोग आकर जर्जर भवनो में रह रहे हैं। जिनको ध्वस्त किया गया और कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर कार्रवाई की जा रही हैं। उधर, बीसीसीएल के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा ने कहा कि हमलोगों की डीसी के साथ बैठक हुई थी जिस पर उनके आदेशानुसार इस दिन कार्रवाई की गई हैं। कुछ जर्जर मकानों को ध्वस्त किया गया हैं, बाकी अतिक्रमण कर रह रहे लोगों को नोटिस कर आगे की कारवाई की जाएगी।

# ग्रामीण छात्रों को शैक्षिक अवसर दे रहा है वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुंदरगड भारत का सबसे बड़ा एल्युमिना उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम ने शिक्षा के अंतर को दूर करना और ओडिशा के ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक निरंतर पहुंच प्रदान कर- के शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने ओडिशा के सुंदरगड जिले के युवाओं के बीच शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सप्ताह का अभियान चलाया। इस अभियान के तहत वेदांता एल्युमीनियम ने विभिन्न वर्ग के छात्रों को प्रोत्साहित किया और जामखानी और घोगारपाल्ली से 700 से अधिक छात्रों ने अभियान में भाग लिया। अप्रैल 2022 से कंपनी ने करोन की कमी के बाद सुंदरगड जिले के जरपालम, बिलाईमुंडा और मेंड्रा गांवों में 22 स्कूलों और कोरापुट जिले के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में 55 स्कूली बच्चों को पाठ्य उपकरण वितरण किया गया था। इस पहल से 7000 से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए। इसके साथ ही वेदांता एल्युमीनियम के कर्मचारियों ने स्वेच्छाकृत रूप से स्थानीय अंचल के माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए करियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया। शिक्षा पहल के बारे में वी श्रीकांत सीइओ- माइंस (वेदांत एल्युमीनियम) ने कहा कि कंपनी सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी विकास पहलें क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप हैं। हम अपने क्षेत्र के लोगों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन चाहते हैं और हमारे युवाओं के लिए विकास के नए अवसर चाहते हैं।

कंपनी के प्रयासों की सराहना करते हुए लुआबाहल हाई स्कूल की प्रिंसिपल नबनिता नाएक ने कहा कि वेदांत एल्युमीनियम की यह पहल और प्रगतिशील शिक्षा कार्यक्रम हमारे बच्चों को सही प्रेरणा देगा और वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगी।

# पुरी रेलवे स्टेशन पर कैंप कार्यालय से हो रही है विकास कार्यों की देखरेख

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास कार्य की देखभाल के लिए हाल ही में पुरी रेलवे स्टेशन के सामने कैंप कार्यालय को चालू किया गया है। यात्रियों के अनुकूल सुविधाओं के साथ एक विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना तैयार करने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। ओड़िशा के मंदिर वास्तुकला से प्रेरणा लेकर स्टेशन और यात्री निवास के कायाकल्प की योजना बनायी जा रही है।

ज्ञात हो कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपनी पिछली पुरी यात्रा के दौरान विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और आम लोगों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु विमर्श किया था। बाद में, पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री रूप नारायण सुनकर ने स्टेशन स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को परियोजना को अनुकरणीय तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।

इस परियोजना को 2021-22 में 161.5 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गयी और काम शुरू होने के 30 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। स्टेशन के डिजाइन को भविष्य में यात्रियों की होनेवाली आमद को ध्यान में रख कर तैयार किया जा रहा है।

**नये विश्वस्तरीय स्टेशन में होंगी विभिन्न आधुनिक सुविधाएं :** नयी बिल्डिंग, एयर कॉन्कोर्स, प्लेटफॉर्म और प्लेटफॉर्म शेल्टर और सकुर्लेटिंग एरिया का नवीनीकरण, ऑर्गेनिक वेस्ट मैनेजमेंट के साथ फूड कोर्ट जोन और शॉपिंग एरिया, अच्छी तरह से डिजाइन किये गये ड्रैनेज, साइनेज और डिवाइडर, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सुविधा, सुंदर सकुर्लेटिंग एरिया के अलावा उच्च मानक शयनगृह और विश्राम गृह, दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं, दीवार पर मनमोहक पेंटिंग और विभिन्न स्थानों पर ग्रीन स्पेस का प्रावधान, वृहत स्तर पर सीसीटीवी की निगरानी, प्रीपेड कैब सुविधा, पर्यटन सूचना और बुकिंग केंद्र की सुविधा, खरीदारी क्षेत्रों के साथ फूड कोर्ट जोन, फार्मेसी और चिकित्सा सुविधा शामिल हैं।













# सांसद अच्युत सामंत ने केंदू पत्ते पर जीएसटी वापस लेने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली कंधमाल से लोकसभा सांसद (बीजेडी) के डॉ अच्युत सामंत ने बुधवार को केंद्र और जीएसटी परिषद के अध्यक्ष से केंदु के पत्तों से जीएसटी वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इस तरह के कर लगाने से आठ लाख तुड़ाई करने वालों का व्यापार और आजीविका प्रभावित हो रही है।

डॉ सामंत ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन निचले सदन में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पार्टी बीजू जनता दल की ओर से केंद्र, विशेष रूप से माननीय वित्त मंत्री से आग्रह करता हूं कि लाखों केंदू पत्ता तोड़ने वालों और संबंधित कर्मचारियों की आजीविका के बड़े हित में केंदू के पत्तों पर जीएसटी वापस लिया जाये। यह जीएसटी परिषद के अध्यक्ष के समक्ष ओडिशा के हजारों गरीब केंदू पत्ते तोड़ने वालों का एक मीठा अनुरोध था।

डॉ सामंत ने कहा कि 18 प्रतिशत जीएसटी न केवल केंदु पते तोड़ने वालों की आजीविका को प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को भी प्रभावित कर रहा है। इससे पहले नवंबर में, ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने केंदू पत्ता श्रमिकों की आजीविका के हित में केंदू के पत्तों पर जीएसटी को वापस करने की मांग की थी। राज्य सरकार ने उनके लिए विशेष पैकेज की भी घोषणा की है।

# अभिनेता दीपन्वित को सोआ ने सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सोआ के पूर्व छात्र दीपन्वित दाशमहापात्र जिन्होंने उड़िआ फिल्म 'दमन' में प्रमुख भूमिका निभायी थी, उन्होंको सोआ के कुलपति प्रोफेसर अशोक कुमार महापात्र ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में उनके चित्रण के लिए सम्मानित किया। फिल्म एक सामाजिक संदेश के साथ। बायोग्राफिकल सोशल ड्रामा, जिसमें प्रख्यात ओड़िया फिल्म अभिनेता बाबूशान महांती थे। उन्होंने ओड़िशा के एक दूरस्थ जिले में एक दुर्गम आदिवासी अंचल में अंधविश्वास और मलेरिया के खिलाफ एक डॉक्टर और उनके फार्मासिस्ट सहयोगी की अथक लड़ाई को दर्शाया। इस अवसर पर सोआ के प्रो-वाइस चांसलर प्रो प्रदीप्त कुमार नंद, आइटीइआर के डीन प्रो प्रदीप कुमार साहू, एसोसिएट डीन प्रो धीरेंद्रनाथ थटोई, डीन (स्टूडेंट्स वेलफेयर) प्रो ज्योति रंजन दास, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक प्रो नचिकेता के शर्मा, आइटीइआर वार्डन प्रो रंजन कुमार मल्लिक और सहायक प्रोफेसर डॉ सतीश सामल उपस्थित थे।




# मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने झारसुगुड़ा रोड रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने मंगलवार को संबलपुर मंडल के संबलपुर-झारसुगुड़ा खंड में झारसुगुड़ा रोड स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं और स्टेशन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और स्टेशन पर विभिन्न अचल संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।







# पद्मपुर उपचुनाव: आज सुबह 8 बजे से मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पद्मपुर चुनाव के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे। इस चुनाव में कौन जीतेगा यह गुरुवार को तय होगा। इस साल 80.8 फीसदी वोटिंग हो चुकी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया है कि गिनती में समय लगेगा। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील मोहानी ने बुधवार को कहा कि मतगणना सुबह आठ बजे की जायेगी। सबसे पहले पोस्टल बकेट की गिनती की जायेगी। बाद में साढ़े आठ बजे से इवीएम की गिनती होगी। 23 राउंड में गणना करायी जायेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना करायी जायेगी। मतगणना प्रक्रिया के दौरान तीन कर्मचारी और पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। चुनाव आयुक्त के टेक्निकल टीम होंगे। अगर कोई तकनीकी त्रुटि होगी, तो टीम उसे तुरंत ठीक कर लेगी। मतगणना केंद्र पर मोबाइल मना है। केवल तीन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर और ऑब्जर्वर ही मोबाइल ले जा सकते हैं। नतीजे चुनाव आयुक्त के पोर्टल पर अपडेट किये जायेंगे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**